दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

रंग पंचमी की शुभकामनाएं
त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-39 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 19 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# वोटर आईडी से लिंक होगा आधार कार्ड

## चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की मीटिंग में फैसला




नई दिल्ली (ए.)। आने वाले महीनों में वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से जोडने का अभियान तेज किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ईपीआईसी को आधार नंबर से जोडने् के लिए अनुच्छेद 326, आरपी अधिनियम, 1950 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुसार संवैधानिक दायरे में रहते हुए समुचित कार्रवाई करेगा। इस सिलसिले में यूआईडीएआई और ईसीआई के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू हो जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आज अपने मुख्यालय निर्वाचन सदन में केंद्रीय गृह सचिव, विधि मंत्रालय के सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मताधिकार केवल भारत के नागरिक को ही दिया जा सकता है। जबकि आधार कार्ड केवल व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसलिए, यह निर्णय लिया गया कि ईपीआईसी को आधार से जोडने् का कार्य केवल संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार तथा डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 177/2023 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप किया जाएगा। यूआईडीएआई और ईसीआई के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श भी शीघ्र ही शुरू होने वाला है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीटी नगर में शासकीय आवासीय परियोजना के प्रथम चरण में कर्मचारियों को आवास की चाबियां सौंपी।

## नागपुर में कब्र की चादर जलाने की अफवाह पर भड़की हिंसा

### -विधानसभा में हंगामा, सीएम बोले- हिंसा एक सुनियोजित साजिश



मुंबई,(ए)। नागपुर में भड़की हिंसा को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार को हंगामा हुआ। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस हिंसा को एक सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन लोगों ने प्रतीकात्मक तौर पर कब्र की चादर जला दी। इसके बाद अफवाह फैल गई कि उस पर धार्मिक चिह्न था, जिससे माहौल गर्म हो गया और हिंसा भड़क उठी। सीएम फडणवीस ने कहा कि करीब 80 से 100 लोगों की भीड़ हिंसा में शामिल थी, जिन्होंने पथराव किया और पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस दौरान एक पुलिस अधिकारी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, वहीं तीन डीसीपी स्तर के अधिकारियों पर भी हमला हुआ। हिंसा में कुछ घरों को भी निशाना बनाया गया। सीएम ने कहा कि यह हिंसा एक अफवाह के चलते फैली, जिसमें कहा गया कि जो चादर प्रतीकात्मक कब्र पर रखी थी, उसमें धार्मिक चिन्ह था।


## पूर्व जन्म में छत्रपति शिवाजी महाराज थे नरेंद्र मोदी, भाजपा सांसद के बयान से छिड़ा विवाद

नई दिल्ली (आरएनएस)। औरंगजेब की कब्र को लेकर सियासत पूरी तरह से गर्माई हुई है। इसी बीच संसद में चल रहे बजट सत्र के दौरान ओडिशा के बारगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रदीप पुरोहित ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले जन्म में मराठा साम्राज्य के संस्थापक और महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज थे।प्रदीप पुरोहित ने अपने भाषण में एक संत से मुलाकात का जिक्र किया, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें बताया कि नरेंद्र मोदी का पूर्व जन्म छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में हुआ था। उन्होंने कहा, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां एक गंधमर्दन पहाड़ी क्षेत्र है। एक गिरिजा बाबा संत वहां रहते हैं। एक दिन बातचीत चल रही थी तो उन्होंने हमें बताया कि देश के आज जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं वे अपने पूर्व जन्म में महाराज छत्रपति शिवाजी थे। इसलिए आज वे भारत को दुनिया में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की भावना से काम कर रहे हैं।

## श्रीकृष्ण ने जहां की लीलाएं और जहां पड़े उनके चरण, सभी देवस्थानों को तीर्थ के रूप में करेंगे विकसित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (निप्र) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को ओंकारेश्वर में अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित गौमुख घाट पर माँ नर्मदा का मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। यह यात्रा माँ नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के लिए पूर्ण समर्पित थी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे जो-जो इस ब्रह्माण्ड में है वही सब हमारे शरीर में भी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह परमात्मा हमारे अंदर विद्यमान है, उसी तरह जल माँ नर्मदा में विद्यमान है। उन्होंने कहा कि श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा यात्रा का समापन हुआ है। यह एक अद्भुत यात्रा थी। उन्होंने श्री दादा गुरुजी को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम इस मृत्यु लोक में अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इस लोक में हमारे कर्म ही होते हैं जो हमें विभिन्न लक्ष्यों तक पहुँचाते हैं। सब अपने कर्मों के अनुसार पुण्य अर्जित करते हैं। इसलिए हम सबको सत्कर्म करने का प्रण लेना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी-2028 में सिंहस्थ को भव्य बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उज्जैन में महाकाल लोक के



निर्माण से मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इसी तरह ओंकारेश्वर लोक का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर धाम भी आने वाले समय में जगमगाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं जुटाई जायेंगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जहां लीलाएं की और जहां उनके चरण पड़े, उन सभी देवस्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने सभी धार्मिक नगरों को शराब मुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में निरंतर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार गौ-पालन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 10 से ज्यादा गाय खरीदेगा, उसे सरकार द्वारा अनुदान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पैदल पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी राव देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक सीईओ अशोक महाजन सहित अन्य ट्रस्टी गण ने प्रतीक स्वरूप बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का चित्र भेंट किया। नर्मदा समापन यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े, महापौर श्रीमती अमृता यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## मणिपुर में लौट रही है शांति, मंजूर किए गए सात हजार आवास : निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली (आरएनएस)। मणिपुर में हालात अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। यहां हिंसक घटनाओं में कमी आई है। हिंसा में बेघर हुए लोगों के लिए करीब 7,000 नए आवास मंजूर किए गए हैं। राहत और पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक फंड दिया गया है। राज्य में कानून व्यवस्था के लिए सेना व असम राइफल्स की तैनाती की गई है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 286 कंपनियों को राज्य पुलिस के साथ मणिपुर में तैनात किया गया है। मंगलवार को यह जानकारी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में दी।

उन्होंने बताया कि मणिपुर में हालात सामान्य करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को छोड़कर मणिपुर में हिंसा की वारदातों में कमी आ रही है। नेशनल हाईवे पर सुरक्षित और सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जा रहा है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हेलीकॉप्टर सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध



कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 60 हजार लोग अभी भी रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। करीब 7000 लोग अपने घरों को लौट चुके हैं। गृह मंत्रालय के विशेष पैकेज के तहत 400 करोड़ रुपए रिलीफ कैंप ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत बेघर हो गए लोगों के लिए सात हजार घरों को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय योजनाओं के तहत राज्य को अधिक से अधिक निर्बाध सहायता दी जा रही है।

मणिपुर वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट, रेलवे प्रोजेक्ट कंपनी, मेडिकल कॉलेज, ट्रिपल आईटी और सरकारी आवास योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बातें मणिपुर के बजट और उससे संबंधित अनुदान की अनुपूरक मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहीं।उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को नियंत्रित और बेहतर करने के लिए राज्य में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्थिक गतिविधियां शुरू करने पर ध्यान दिया जा रहा है। मणिपुर में रिलीफ के लिए सौ करोड़ रुपए की राशि दी जा चुकी है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि एनडीआरएफ और 68 करोड़ रुपए की राशि एसडीआरएफ के तहत रखी गई है।

### माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन की सुरक्षा जांच में चूक, पिस्तौल लेकर पहुंची महिला; पुलिस ने किया गिरफ्तार

कटरा (आरएनएस)। श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन में सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए एक महिला के पिस्तौल लेकर पहुंचने का मामला सामने आया है। यह घटना 14-15 मार्च 2025 की रात को हुई। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ज्योति गुप्ता दर्शन करने के इरादे से पिस्तौल लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर गई थी।रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) परमिंदर सिंह ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला के पास से बरामद हथियार का लाइसेंस समाप्त हो चुका था। उन्होंने बताया कि रियासी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से पिस्तौल को जब्त कर लिया गया है।

## रायसीना डायलॉग 2025 : जयशंकर ने पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये पर उठाए सवाल

### -द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अब तक कश्मीर पर सबसे लंबा अवैध कब्जा

नई दिल्ली,(ए)। रायसीना डायलॉग 2025 के दूसरे दिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक राजनीति में निष्पक्षता और संप्रभुता के महत्व पर जोर



दिया। उन्होंने पश्चिमी देशों के दोहरे मानकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कश्मीर पर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अब तक का सबसे लंबा अवैध कब्जा बना हुआ है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कश्मीर मुद्दे पर पश्चिमी देशों के रुख पर आपत्ति जताते हुए कहा कि भारत के जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर सबसे लंबे समय से एक विदेशी ताकत का अवैध कब्जा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1947 में भारत की आजादी के दो महीने बाद ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर आक्रमण कर कब्जा कर लिया था। इसके अलावा, चीन ने 1950 और 1960 के दशक में इस क्षेत्र पर अपना नियंत्रण स्थापित किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, कि हम संयुक्त राष्ट्र में एक आक्रमण को लेकर गए थे, लेकिन इसे विवाद बना दिया गया। हमलावर और पीड़ित को एक ही स्तर पर रख दिया गया। दोषी पक्ष कौन थे? इसी के साथ उन्होंने पश्चिमी देशों की भूमिका की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इन देशों ने जानबूझकर पाकिस्तान के आक्रमण को कूटनीतिक विवाद में बदल दिया। इसलिए मेरे इस विषय पर कुछ सवाल हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि यह दिखाता है कि कैसे पश्चिमी ताकतों ने कश्मीर की वास्तविकता को तोड़-मरोड़कर पेश किया। उन्होंने राजनीतिक हस्तक्षेप पर पश्चिमी देशों के नजरिए की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकारें अपने देश में व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करती हैं, उसी प्रकार वैश्विक स्तर पर भी ऐसा किया जाना चाहिए।अफगानिस्तान के राजनीतिक परिदृश्य पर बोलते हुए जयशंकर ने पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में तालिबान का उत्थान, पतन और फिर से उभरना इसी पाखंड का परिणाम है। उन्होंने यह भी इंगित किया कि कैसे तालिबान, जिसे कभी चरमपंथी माना जाता था, अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर सूट-टाई पहनकर दिखाई देता है। जयशंकर ने चुटकी लेते हुए कहा, वे तालिबान जिनकी कभी आलोचना होती थी, अब दोहा और ओस्लो प्रक्रियाओं में सम्मानपूर्वक भाग लेते हैं। लेकिन अब भी अफगानिस्तान की बिगड़ती स्थिति के लिए उन्हीं को जिम्मेदार ठहराया जाता है।इस महत्वपूर्ण चर्चा में जयशंकर के साथ लिचेंस्टीन की विदेश मंत्री डोमिनिक हसलर, स्लोवाक रिपब्लिक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानर और स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट भी शामिल हुए।




## नीतीश ने विपक्ष को सदन में ताली बजाकर किया शांत, शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दे पर सदन में हो रहा था हंगामा

पटना (आरएनएस)। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विपक्ष ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान विपक्ष द्वारा कानून व्यवस्था और निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर सदन के बाहर और अंदर हंगामा देखने को मिला। इस क्रम में सदन के अंदर मुख्यमंत्री ने विपक्ष को लेकर ताली भी बजाई।

दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद प्रश्नकाल चल रहा था। इसी बीच, राजद के विधायक ललित यादव ने निजी स्कूलों को लेकर एक सवाल पूछा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के जवाब से विपक्षी विधायक संतुष्ट नहीं हुए। विधायक ने अध्यक्ष नंद किशोर यादव से प्रश्न को स्थगित करने की मांग की तो अध्यक्ष ने कहा कि आपने प्रश्न किया और सरकार उत्तर दे रही है, सवाल स्थगित करने का कोई कारण नहीं है। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में मौजूद थे। इसके बाद विपक्षी विधायक हंगामा करने लगे। नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान हालांकि प्रश्नकाल चलता रहा। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खड़े हुए और उन्होंने कहा कि अगर शिकायत है तो हमें लिखकर दीजिए, हम एक्शन लेंगे।

## महाकुंभ पर पीएम मोदी के बयान पर बोले राहुल गांधी, प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दीं



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ पर दिए गए बयान पर कहा कि मैं पीएम की बात का समर्थन करता हूं। लेकिन, उन्होंने महाकुंभ भगदड़ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद परिसर में प्रधानमंत्री मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने, जिनकी मृत्यु हुई, उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा महाकुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उसपर भी बोलना चाहिए था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष को तो बोलने का मौका दिया जाना चाहिए था लेकिन नहीं देते हैं, यह न्यू इंडिया है।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, वह महाकुंभ पर सकारात्मक बोल रहे थे। विपक्ष को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए था, क्योंकि विपक्ष की भी इसके प्रति भावनाएं हैं और अगर हम अपनी बात रखते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए थी। विपक्ष को भी दो मिनट बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। पीएम मोदी ने महाकुंभ पर अपना संबोधन जैसे ही खत्म किया, वैसे ही विपक्षी सांसदों ने वेल के पास जाकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया और सवाल करने की मांग करने लगे।

### अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण के कार्यालय रंग पंचमी के अवसर पर अवकाश रहेगा अत: अगला अंक दिनांक 21 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक



# मध्यप्रदेश ने कृषि में किए कई नवाचार, इसलिए देश में है अव्वल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

-तीन साल में 30 लाख किसानों को दे देंगे सोलर पम्प, किसानों से बिजली भी खरीदेंगे

-दुग्ध उत्पादन में अभी हम तीसरे नंबर पर हैं, अगले चार साल में आएंगे पहले नंबर पर



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उर्वर धरा में खेती-किसानी लाभ का व्यवसाय है। हमने इसी दिशा में काम किया। नई कृषि विधियों को अपनाया, कई नवाचार किए। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश कृषि विकास के मामले में पंजाब, हरियाणा और अन्य कई राज्यों से आगे निकलकर देश में अव्वल स्थान पर है। हम खेती-किसानी और किसान दोनों की समृद्धि के लिए प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में नेशनल डिफेंस कॉलेज की ओर से मध्यप्रदेश आए अध्ययन यात्रा दल को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि एवं सहकारिता में मध्यप्रदेश में बीते दशकों में लगातार काम हुआ है। खेती के साथ-साथ सिंचाई पर भी हमने काम किया है। वित्त वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में मात्र 7 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित थी। आज मध्यप्रदेश की 55 लाख से अधिक कृषि हेक्टेयर भूमि को हम सिंचित क्षेत्र में लेकर आए हैं। हम किसानों को सुविधा सम्पन्न बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। अगले तीन सालों में हमारी सरकार प्रदेश के 30 लाख किसानों को न केवल सोलर पम्प देगी, वरन् उनके द्वारा उत्पादित अतिरिक्त सोलर ऊर्जा का क्रय भी करेगी। इससे किसानों को दोहरा फायदा होगा। इसके अलावा हम किसानों को मात्र 5 रूपए की राशि पर बिजली कनेक्शन भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा के मामले में भी आगे है। देश में सबसे सस्ती बिजली देने वाला प्रदेश मध्यप्रदेश है। दिल्ली मेट्रो भी मध्यप्रदेश की बिजली से चलायमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी), नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रणनीति विषय पर आयोजित अध्ययन यात्रा के लिए मध्यप्रदेश राज्य की यात्रा के लिए आए दल ने सौजन्य भेंट की। देश के 5 मित्र देशों के प्रतिनिधि भी अध्ययन दल के साथ मध्यप्रदेश आए हैं। एनडीसी द्वारा पूरे देश के लिए ऐसे 8 अध्ययन समूह तय किए गए हैं, जिनमें से 16 सदस्यीय एक समूह मध्यप्रदेश की अध्ययन यात्रा पर है। मध्यप्रदेश आए यात्रा दल को यहां प्रदेश में कृषि एवं सहकारिता अध्ययन शीर्षक दिया गया है। आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी को इस समूह को मध्यप्रदेश की अध्ययन यात्रा कराने का दायित्व मिला है। अध्ययन यात्रा दल ने बीते दिनों मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों का फील्ड विजिट कर कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र में हुई प्रगति का अध्ययन किया और देखा कि मध्यप्रदेश ने इन दोनों क्षेत्रों में बेहतरीन प्रगति हासिल की है। अध्ययन दल ने पाया कि सरकार की नीतियों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है। वहीं स्व-सहायता समूहों के जरिए प्रदेश में आजीविका विकास विशेषकर महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए अभूतपूर्व काम हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश आए अध्ययन दल से परिचय प्राप्त किया और दल से आग्रह किया कि उज्जैन जरूर जाइए, महाकाल के दर्शन कीजिये और देखिये कि धार्मिक पर्यटन के मामले में म.प्र. कितने आगे बढ़ा हैं। सदियों पुराने श्री महाकाल मंदिर का विकास कर हमारी सरकार ने श्री महाकाल महालोक तैयार किया। इसमें भगवान शिव की जीवंत उपस्थिति, उनका पार्वती से विवाह, सती कथा का प्रसंग सहित उनके जीवन के सभी प्रमुख पक्षों (तांडव मंत्र में दी गई 108 मुद्राओं सहित) को जीवंत कर प्रतिमाओं के रूप में उकेरा है।

श्री महाकाल महालोक हमारी आस्था है, हमारी पूंजी भी है। अध्ययन यात्रा दल के संयोजक के रूप में नेशनल डिफेंस कॉलेज के मुकेश अग्रवाल, इसी कॉलेज के प्रकाश प्रवीण सिद्धार्थ सहित 16 सदस्यीय अध्ययन दल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आत्मीय चर्चा कर अपने फील्ड विजिट के जागृत अनुभव (रीयलस्टिक एक्सपीरियन्स) साझा किए। यात्रा दल के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, यह हमने खुद देखा है। कृषि के जरिए किसानों एवं स्व-सहायता समूहों के जरिए आजीविका विकास (सहकारिता की सफलता के संदर्भ में) के लिए सरकार के प्रयास निःसंदेह प्रशंसनीय है। म.प्र. में शासन, प्रशासन की मदद से लोग खुद-ब-खुद जुड़कर अपनी आजीविका और जिंदगी की सफलता की कहानी खुद लिख रहे हैं। हमने मध्यप्रदेश में सामाजिक बदलाव (सोशल चेंज) देखा है। हम मध्यप्रदेश की सफलता से अभिभूत हैं। बैठक में आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान खान ने अध्ययन यात्रा दल के उद्देश्यों और उनके आगामी दिनों के कार्यक्रम की जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉग स्क्वॉड में प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था संबंधी जानकारी प्राप्त की



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास की सुरक्षा में लगे मध्यप्रदेश पुलिस के डॉग स्क्वॉड के श्वान लाली और डॉली को दुलारकर, डॉग स्क्वॉड के प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किऐ। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री निवास की सुरक्षा व्यवस्था में मध्यप्रदेश पुलिस के डॉग स्क्वॉड के श्वानों की पारी वार ड्यूटी रहती है। डॉग स्क्वॉड का मुख्यालय भोपाल में 23वीं बटालियन में है, जहां जर्मन शेफर्ड, डाबरमैन और लैब्राडोर जैसे विभिन्न नस्लों के डॉग्स को प्रशिक्षित किया जाता है। वर्तमान में देशी नस्लों के श्वान भी इसमें शामिल किए गए हैं। प्रशिक्षण में गंध पहचानना, आज्ञा पालन, अपराधियों और लापता व्यक्तियों का पता लगाने के लिए ट्रैकिंग मुख्य रूप से शामिल है। उनके नियमित हेल्थ चेकअप की भी डॉग स्क्वॉड में विशेष व्यवस्था है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को निवास से ओंकारेश्वर प्रवास के लिए रवाना होते समय, पुलिस जवान के साथ मौजूद डॉग स्क्वॉड को दुलार किया।

## आज मनाया जाएगा दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में रंग पंचमी महोत्सव

भोपाल (आरएनएस)। रंगों का त्योहार होली का उत्सव और उमंग रंग पंचमी के साथ और बिखर जाता है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा रंग पंचमी महोत्सव एवं मिलन समारोह दद्दू के मंदिर डिपो चौराहे पर सुबह 9 से 12 बजे तक मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर रंगों के इस त्यौहार को एक दूसरे को रंग लगाकर एवं गीत-संगीत की थाप पर थिरकते हुए उत्साह के साथ सभी समरसता के इस त्यौहार को मनाएंगे। सबनानी ने सभी को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस कार्यक्रम में आकर रंग पर्व मनाने के लिए आमंत्रित किया है।

## जनसुनवाई में दिव्यांग गुलाब बाई को प्रदान की गई ट्राई साईकिल

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को एडीएम भूपेंद्र गोयल, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 98 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में शिव नगर कॉलोनी, विदिशा रोड भोपाल से दिव्यांग गुलाब बाई पंथी पत्नी घनश्याम पंथी को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई।

एडीएम गोयल, मेश्राम एवं सीईओ तिवारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## एम.पी. ट्रांसको के 3878 आउटसोर्स कर्मियों के बनाये गये आयुष्मान कार्ड

भोपाल (आरएनएस)। भारत सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्य कर रहे पात्र आउटसोर्स कर्मियों के भारी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाये जा रहें है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न सबस्टेशनों और लाइन मेंटेनेन्स में कार्य करने वाले 5919 आउटसोर्स कर्मियों में से इस योजना के लिये पात्र 3878 कर्मियों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। सबस्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइनों में जोखिम का कार्य करने वाले कर्मियों के लिये यह कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य योजना के अतिरिक्त है। इसके अलावा आउटसोर्स कान्ट्रेक्टर्स द्वारा भी किसी बीमा कंपनी, बैंक या पोस्ट ऑफिस के माध्यम से 5 लाख का जोखिम बीमा एम.पी. ट्रांसको की शर्तो व अनुबंध के अनुसार कराया जाता है।

## निगम ने 04 बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित राजस्व की अन्य मदों में करों/शुल्कों की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 स्थित नेहरू नगर में मकान नंबर एस-103, एस-102, सी-136 तथा एस-205 के बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए संपत्तियां कुर्क की।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा प्रभावी वसूली एवं बकायादारों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 के अमले ने नेहरू नगर स्थित मकान नंबर एस-103 के भवन स्वामी रामाधार पर बकाया राशि रु0 80,051/-, एस-102 के भवन स्वामी जगदीश प्रसाद पर बकाया राशि रु0 66,221/-, सी-136 के भवन स्वामी लक्ष्मीदास डीगरा पर बकाया राशि रु0 84,694/- तथा एस-205 के भवन स्वामी लाल पर संपत्तिकर/जल उपभोक्ता प्रभार एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार की बकाया राशि बकाया राशि रु0 83,567/- का भुगतान भवन स्वामियों द्वारा नहीं किये जाने पर उक्त बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही जोन क्रमांक 08 की जोनल अधिकारी नूतन खरे के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 29 के वार्ड प्रभारी व अन्य अमले द्वारा की गई।

## मध्य प्रदेश में ईवी प्रमोशन बोर्ड का होगा गठन, ईवी रजिस्ट्रेशन में मिलेगी 100 प्रतिशत छूट

भोपाल (आरएनएस)। चार्जिंग स्टेशन लगाने पर 30 प्रतिशत अनुदान देगी सरकार, निजी वाहनों के लिए एक वर्ष तक रोड टैक्स भी फ्री 5 साल में 80 प्रतिशत सरकारी वाहनों को इलेक्ट्रिक में बदलने का लक्ष्य -कैग रिपोर्ट : नल से जल योजना में भारी गड़बड़ी, 14 नगरीय निकाय के 34.07 प्रतिशत घरों में नहीं पहुंचा नल से जलविधायकों की समिति बनाएगी सरकार, प्रत्येक समिति में होगा एक मंत्री -प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत विजन 2047 के लक्ष्यों को पूरा करने समिति की तय की जाएगी।

# महंगे शौक पूरा करने के लिये मजदूर करते थे मोबाइल लूट की वारदाते

-पैदल जा रहे लोगो को बनाते थे निशाना, आठ वारदातो का हुआ खुलासा



-साढ़े तीन लाख का माल बरामद

भोपाल(ए.)। शहर की अयोध्यानगर नगर थाना पुलिस ने दो ऐसे युवको को दबोचा है, जो पेशे से मेहनत-मजदूरी का काम करते है, और अपने मंहगे शौक पूरा करने के लिये मोबाइल लूट की वारदातो को अंजाम देते थे। उनके कब्जे से पुलिस ने लूटे गये साढ़े तीन लाख् कीमत के 8 मोबाइल सहित वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जप्त की है। दोनो आरोपी रास्ते में हाथ में मोबाइल लेकर पैदल चलने वालो को टारगेट करते थे। टीआई महेश लिल्हारे ने बताया की फरियादी भवानी टाउन सागर गैरे के पीछे अयोध्यानगर निवासी आदित्य राज सोनी पिता राकेश कुमार सोनी (22) ने अपनी शिकायत में बताया था की वह 26 फरवरी की रात करीब 10 बजे यशोदा पैलेस बोनीफाई स्कूल के पास पैदल टलहते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। उसी समय बाइक सवार दो बदमाश उसके पीछे से आये और झपटा मारकर मोबाइल छीनकर चंपत हो गए। शिकायत की जॉच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर लूटेरो की धरपकड के प्रयास शुरु किये। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के साथ ही लूटेरो के भागने का रुट मैप बनाकर उन रास्तो पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल। फुटेज के साथ ही की गई मैदानी और अन्य तकनीकी छानबीन में पुलिस के हाथ मोबाइल लूटेरो के संबध में अहम सुराग हाथ लगे। सुरागो के आधार टीम ने दोनो संदिग्धो शाबान पिता शमीम (19) और अभिषेक चौहान पिता श्रीनाथ प्रसाद (20) दोनो निवासी अर्जुन नगर झुग्गी बस्ती थाना एमपीनगर को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिसिया अंदाज में हुई पूछताछ में दोनो

ने बताया की उन्होनें इसी साल 26 फरवरी को अयोध्यानगर सहित शहर के अन्य थाना इलाको से 8 मोबाइल झपटमारी की वारदातो को अंजाम दिया है। आरोपी अभिषेक चौहान 5वीं तक पढ़ा है, और मजदूरी के साथ ही पुताई का काम करता हैं, उसके वहीं उसका साथी शाबान मेहनत-मजदूरी का काम करता है। दोनो बदमाश बड़ा पैसा कमाने और अपने मंहगे शौक पूरा करने के लिये लूट की वारदातो को अंजाम देते थे। वह ऐसे लोगो को अपना टारगेट बनाते जो रास्ते में हाथ में मोबाइल लेकर चलते थे। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक आदतन बदमाश है, उसके खिलाफ थाना ऐशबाग, पिपलानी, अशोका गार्डन, एमपी नगर, बैरसिया और अयोध्या नगर में पूर्व से ही चोरी, डकैती की योजना, हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामले दर्ज है। वहीं शाबान के खिलाफ भी थाना अयोध्या नगर में दो प्रकरण दर्ज है।पुलिस आरोपियो से अन्य वारदातो के संबध में पूछताछ कर रही है।

## नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा : मंत्री सुश्री भूरिया

पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



भोपाल(ए.)। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मंगलवार को पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारी नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा। सक्षम आंगनवाड़ी मिशन 2.0 के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम केन्द्र सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम है। ये प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने की क्षमता विकसित करने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रारंभ की इस पहल का उद्देश्य बच्चों की देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके और आंगनवाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं, खेल के उपकरण और विधिवत प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षण केन्द्र परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों (विशेषकर दिव्यांग बच्चों) के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि आंगनवाड़ी एक आधारशिला है और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नींव का पत्थर है। उन्होंने कहा कि नींव के पत्थर किसी को नहीं दिखता लेकिन अगर वो मजबूत हो तो इमारत बुलंद होती है।

## गांव के विकास में टैक्स सखी निभा रही अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**समीक्षा बैठक में सीईओ ने की टैक्स सखियों के कार्य की प्रशंसा**

भोपाल (आरएनएस)। जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को आयोजित टैक्स सखियों समीक्षा बैठक में सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने टैक्स कलेक्शन कार्य करने वाली दीदीयों की प्रशंसा की। गौरतलब हो जिले की ग्राम पंचायतों में अधिरोपित किये जाने वाले कर जैसे




जलकर, स्वच्छता कर, सम्पत्तिकर आदि की वसूली आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जिला पंचायत भोपाल द्वारा नवाचार के रूप में कर वसूली करने वाली दीदीयों को टैक्स सखी के रूप नियुक्त किया है। टैक्स सखी डोर-टू-डोर करदाताओं से संपर्क कर टैक्स वसूलने का कार्य कर रही है। साथ ही पंचायत दर्पण के ऑनलाइन पोर्टल पर इसकी एन्ट्री भी सुनिश्चित कर रही है। टैक्स सखी एवं करदाताओं के बीच पारदर्शिता बनाये रखने के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनो माध्यम से टैक्स वसूली सुनिश्चित की जा रही है। हितग्राही स्वयं भी क्यू.आर. कोड के माध्यम से अधिरोपित करों का भुगतान कर सकता है। समीक्षा बैठक में एसीईओ जिला पंचायत शंकर पांसे, डीपीएम डॉ. रेखा पाण्डेय, जिला समन्वयक संतोष झारिया सहित जनपद पंचायत के ब्लॉक प्रबंधक एवं समस्त टैक्स सखी उपस्थित रही।

## शासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 में पिछले 10 साल में दो 21 लाख बच्चे कम हुए , निजी में भी 5 लाख कम हुए

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 में पिछले 10 वर्ष में 21 लाख बच्चे तथा निजी विद्यालय में 5 लाख बच्चे कम हो गये । यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विधायक प्रताप ग्रेवाल ग्रवाल के प्रश्न के उत्तर में दी ।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2015-16 में शासकीय विद्यालय में नामांकनांक 78.96 लाख थे , जो 2024-25 में घटकर 58.17 लाख रह गए । इसी अवधि में निजी विद्यालयों में 2015-16 में 48.84 नामांकनांक 2024-25 में घटकर 43.93 लाख ही रह गए। वर्ष 2015-16 में शासकीय और निजी विद्यालय मिलकर 127.8 बच्चे वर्ष 2024-25 में घटकर 102.10 लाख रह गए । यानी शासकीय एवं निजी विद्यालय मिलाकर कक्षा 1 से 8 में 25.7 लाख बच्चे पिछले 10 साल में कम हो गए । नामांकन्नांक में यह गिरावट कक्षा 9 से 12 में भी रही शासकीय विद्यालय में वर्ष 2020-21 में नामांकन 23.94 लाख से घटकर 2024-25 में 21.26 लाख हो गए याने 2.68 लाख की कमी हुई ।

इसी अवधि में निजी विद्यालयों में नामांकन 13.05 लाख से घटकर 12.85 लाख हो गए । उसमें 0.20 लाख की कमी हुई । कक्षा 9 से 12 में शासकीय और निजी विद्यालय मिलाकर पिछले पांच वर्षों में 2.88 लाख नामांकन कम हुए ।

प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि अपने बजट भाषण में माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में सकल नामांकन दर 98 प्रतिशत तथा माध्यमिक शिक्षा में 70 प्रतिशत तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा में 67



प्रतिशत से अधिक हो चुकी है । शासकीय निजी क्षेत्र में 125000 विद्यालय कार्य कर रहे है ,तथा पीएम श्री योजना के अंतर्गत 780 विद्यालय तथा सीएम राइज योजना के तहत 275 विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ अध्ययन पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है । जबकि विद्यालय में नामांकन से यह सिद्ध हो रहा है कि प्रदेश में गुणवत्ताहीन शिक्षा के कारण विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर चौंकाने वाली कमी हो रही है और उन पर होने वाला खर्च लगातार बढ़कर बताया जा रहा है । शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है । शिक्षा माफिया दोनों हाथों से लूट रहे हैं ।

# किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर फर्जीवाड़ा

विदिशा (आरएनएस)। सिरोंज में आईसीआईसीआई बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक किसान के नाम पर बिना उसकी जानकारी के फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड लोन का मामला सामने आया है। किसान मोहन रघुवंशी को उस समय आश्चर्य हुआ, जब बैंक का रिकवरी एजेंट रोहित उनके घर पहुंचा और 7 लाख रुपए के लोन की वसूली की मांग करने लगा। मोहन ने कभी लोन नहीं लिया था। वे तुरंत सिरोंज स्थित आईसीआईसीआई बैंक पहुंचे और इस बारे में जानकारी मांगी। बैंक के कर्मचारियों ने स्पष्ट जवाब देने के बजाय केवल इतना बताया कि यह लोन गुना रीजन से जारी हुआ है। बैंक के रिकॉर्ड में किसान का आधार कार्ड और पैन कार्ड तक मौजूद नहीं है। केवल जमीन का खसरा नंबर दर्ज है।बैंक मैनेजर पंकज प्रजापति ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। एक-दो दिन में स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इसी बैंक में मुरवास के एक किसान के खाते से दूसरे की चेक-बुक से 10 लाख रुपए निकाले जा चुके हैं।पीड़ित किसान मोहन रघुवंशी ने इस फर्जीवाड़े की शिकायत एसडीएम हर्षल चौधरी से की है।

## ट्रेनी नर्स की संदिग्ध मौत

रीवा (आरएनएस)। जिले के पीटीएस तिराहे के पास नर्सिंग छात्रावास में एक ट्रेनी नर्स सरोज परते (22) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना तीन दिन तक छिपी रही, क्योंकि छात्रावास प्रबंधन को युवती के हॉस्टल में मौजूद होने की जानकारी तक नहीं थी।दरअसल, सरोज परते होली के लिए घर नहीं लौटी, जिससे चिंतित होकर पिता विमल लाल परते बेटी की तलाश में सोमवार को रीवा पहुंचे। जब वह छात्रावास पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सरोज का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। हॉस्टल प्रशासन को तीन दिन तक इस घटना की भनक तक नहीं लगी थी।सरोज के पिता ने आरोप लगाया कि उन्होंने छात्रावास अधीक्षक और वार्डन से कई बार बेटी के बारे में पूछा था, लेकिन उन्हें गुमराह किया गया। उनका कहना है कि इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए क्योंकि उनकी बेटी की मौत संदिग्ध लग रही है। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन जांच जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## होटल के खाने में मिला कॉकरोच

छतरपुर(आरएनएस)। सागर रोड स्थित फोर सीजन होटल से मंगाए गए खाने में कॉकरोच निकला, जिसे खाने से एक ग्राहक की तबीयत बिगड़ गई। नगर के राहुल बिंदुआ (34) ने सूजी एप के जरिए होटल से खाने की थाली ऑर्डर की थी। मामले में खाद्य विभाग ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। राहुल बिंदुआ ने बताया कि उसने रविवार रात को सूजी एप के जरिए सागर रोड स्थित फोर सीजन होटल से खाना मंगवाया था। थाली में मिक्स वेज, दाल, चावल, रोटी, रायता और बटर पनीर शामिल था। आधा खाना खाने के बाद जब वह दाल-चावल खा रहे थे, तब उन्हें दाल में कॉकरोच दिखा। इसके बाद उन्हें उल्टियां होने लगीं और तबीयत खराब हो गई।राहुल ने बताया कि होटल में शिकायत करने पर कर्मचारियों ने बिजली नहीं होने का बहाना बनाया। उनका कहना था कि अंधेरे की वजह से कॉकरोच खाने में गिर गया होगा। राहुल ने इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर भी शेयर की है। फिलहाल उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। राहुल ने बताया कि सूजी एप ने पैसे रिफंड कर दिए हैं। लेकिन वह मामले की खाद्य विभाग में भी शिकायत करेंगे। वहीं फूड अधिकारी वंदना जैन ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर दौड़ रही 'लुटेरी एंबुलेंस', हाईवे पर युवक को रोका और लूट लिया



जबलपुर (आरएनएस)। जबलपुर में एम्बुलेंस चालक भी दिन दहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे है, मामला गोसलपुर थाना के रीवा-नागपुर हाईवे की हैं, सिहोरा से वापस जबलपुर आ रहे एक शख्स को एम्बुलेंस में सवार तीन युवकों ने लूट लिया. पीड़ित युवक जैसे-तैसे थाने पहुंचा और अपने साथ हुई घटना पुलिस को बताई.एएसपी सूर्यकांत शर्मा के निर्देश पर पुलिस टीम एक्टिव हुई और चंद घंटों में ही दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अभी भी गिरफ्त से बाहर है, जिसे तलाश किया जा रहा है. घटना सोमवार सुबह उस दौरान की है, जब बाइक सवार युवक अपनी ससुराल से वापस जबलपुर तरफ आ रहा था. संजीवनी नगर निवासी प्रमोद कुर्मी रविवार को पत्नी के साथ सिहोरा ससुराल गए थे. सोमवार की तड़के सुबह वह जब अकेले वापस जबलपुर तरफ लौट रहे थे, उसी दौरान बरनू तिराहे के पास अचानक ही एम्बुलेंस चालक ने ओवरटेक किया और उसे रोक लिया. गाड़ी से उतरते ही लुटेरों ने प्रमोद के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया. इसके बाद तीन आरोपियों ने उसकी सोने की चेन और 22 हजार रुपए नगद लूटकर फरार हो गए. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस एक्टिव हुई और फिर चंद घंटे के भीतर दो आरोपी जिनके नाम मुकेश गोस्वामी और चेतन राजपूत है, इनका एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओंकारेश्वर के गौमुख घाट पर अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन पर माँ नर्मदा का पूजन किया।

## युवक की मौत मामले में प्रदर्शन

बीना (आरएनएस)। बीना में युवक की मौत मामले में सोमवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में सलीता और कंजिया के ग्रामीण तहसील पहुंचे। एसडीओपी के न मिलने पर नाराज ग्रामीणों ने खिमलासा रोड पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और एसडीओपी को हटाने की मांग की।दरअसल, कंजिया पुलिस चौकी क्षेत्र में सलीता गांव के युवक सेम पाल बुंदेला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना 12 मार्च की है। मृतक के परिजन का आरोप है कि देवी यादव, भरत राम, अभिषेक, विकेश, सोनू और टोनी यादव ने सेम पाल की हत्या की है। आरोपियों ने सेम पाल और उसके एक साथी के साथ मारपीट की। इसके बाद स्कॉर्पियो से कुचलकर दोनों को बेतवा नदी के पार मुंगावली थाना क्षेत्र में फेंक दिया। मुंगावली पुलिस ने घायल अवस्था में मिले दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान अशोकनगर में जिला अस्पताल में सेम पाल की मौत हो गई।

## सपा का कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन

टीकमगढ़ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को स्थानीय समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।प्रमुख मांगों में टीकमगढ़ में उद्योग की स्थापना, पलेरा में गौशाला और बस स्टैंड का निर्माण शामिल हैं। साथ ही सुजारा बांध का पानी जिले के वंचित खेतों तक पहुंचाने की मांग की गई। पलेरा के शासकीय महाविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएशन की कक्षाएं शुरू करने और कब्रिस्तान में नई छत के निर्माण की मांग भी रखी गई।कार्यकर्ताओं ने हनोता, बन्ने बुजुर्ग, नयागांव समेत कई ग्राम पंचायतों में खेल मैदान की मांग की। किसानों के लिए कर्ज माफी और फसलों का उचित समर्थन मूल्य देने की मांग भी की गई। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली और तीन साल से अधिक समय से पदस्थ कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। सपा नेताओं ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया है।



## बाल भवन इंदौर में फाग उत्सव का हुआ आयोजन

इन्दौर(आरएनएस)। बाल भवन इंदौर में आज "फाग उत्सव" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल भवन में बच्चों द्वारा होली उत्सव पर मनमोहक नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य, होली विषय पर स्पीच, गीत आदि प्रस्तुत किये गये। सभी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक सुश्री शुभांगी मजूमदार, परियोजना अधिकारी रवि शर्मा,बाल भवन संचालक विष्णु प्रताप सिंह राठौर, बाल भवन के बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## युवती ने खाया जहर, मौत

छतरपुर (आरएनएस)। नौगांव थाना क्षेत्र के भदेसर गांव में एक 24 वर्षीय महिला ने जहर खा लिया। महिला की प्राइवेट अस्पताल में तीन घंटे के इलाज के बाद शनिवार रात को मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, मृतिका रिंकी रैकवार के पति मनोज खेत पर काम करने गए थे। रिंकी घर पर अकेली थी, कुछ देर बाद पड़ोसियों ने देखा कि उसे उल्टियां हो रही हैं। इसकी सूचना परिवार को दी गई। रिंकी को तुरंत छतरपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन घंटे के इलाज के बाद देर रात उसकी मौत हो गई।

मृतका के पिता शंकरलाल ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी को 7 साल हो गए थे। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे परेशान करते थे। वहीं, पति मनोज का कहना है कि वह खेत पर काम कर रहे थे। पड़ोसियों से उल्टियों की जानकारी मिलने पर अस्पताल ले गए। मृतका के दो बच्चे हैं। एक 6 साल का लड़का और 4 साल की लड़की।

## छात्रा ने प्रेमी के साथ जहर खाया, हाईवे किनारे बेसुध मिले

खंडवा (आरएनएस)। दसवीं कक्षा की छात्रा ने अपने प्रेमी के साथ जहर खा लिया। दोनों रविवार को अचेत हालत में हाईवे किनारे एक खेत पर मिले। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें भर्ती कर लिया है। छात्रा की हालत स्थिर है, वहीं उसके प्रेमी को गंभीर हालत में आईसीयू में एडमिट कराया गया।

मामला थाना बोरगांव चौकी क्षेत्र का है। ग्राम भेरूखेड़ा का रहने वाला अजय ओसवाल नाम का युवक पंधाना क्षेत्र के एक गांव से छात्रा को भगाकर ले गया। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था, छात्रा के परिजन के मुताबिक, 24 फरवरी के दिन उनकी बेटी घर से लापता हो गई थी। पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। रविवार दोपहर को सूचना मिली कि एक लड़का और लड़की को खंडवा-पंधाना रोड पर अचेत हालत में देखा गया है।

परिवार के लोग पंधाना रोड पर पहुंचे तो सैय्यदपुर खैगांवड़ा के पास एक पुलिया के सामने दोनों बेसुध हालत में मिले। मौके पर जहर की बोतल भी थी। युवक के पक्ष के लोग भी आ गए। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए। यहां भर्ती कराया गया। रात भर इलाज चलने के बाद छात्रा की हालत में सुधार हुआ है। वहीं उसके प्रेमी की हालत बिगड़ गई। जिसे सोमवार सुबह आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया।

छात्रा के पिता का कहना है कि बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। अजय ने उसे इतना तंग कर दिया कि बेटी एग्जाम भी नहीं दे पाई। महाशिवरात्रि के अगले दिन वह गांव आया और बेटी को लेकर चला गया। उस समय हम लोग खेत पर गए हुए थे। अजय ने ही बेटी को जहर पिलाया है। हमारी बेटी को न्याय मिलना चाहिए।

## व्यापार समाचार

# वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत रहेगी : मॉर्गन स्टेनली

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। अमेरिकी निवेश बैंक एवं वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की खुदरा महंगाई औसतन चार प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की दर चार प्रतिशत पर रहने का मतलब है कि आने वाले महीनों में आरबीआई द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है, जबकि पहले 0.50 प्रतिशत की कटौती का अनुमान जारी किया गया था।मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी के कारण मुद्रास्फीति में नरमी से अतिरिक्त कटौती की गुंजाइश बनती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, लगातार दो महीने (जनवरी और फरवरी में) ओवरऑल मुद्रास्फीति की दर अनुमानों से कम रही है। इसे देखते हुए हम अपने मौद्रिक नीति परिदृश्य को अपडेट करते हैं, और (नीतिगत दरों में) 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती को जोड़ते हैं।

इसमें उम्मीद जताई गई है कि वित्त वर्ष 2025-26 में खुदरा महंगाई औसतन चार प्रतिशत रहेगी, जबकि इसके पहले 4.3 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया था।अमेरिका कंपनी ने कहा, इस प्रकार, हम 0.50 प्रतिशत के अपने पिछले अनुमान से 0.75 प्रतिशत की संचयी दर कटौती की ओर अग्रसर हैं। जनवरी और फरवरी के खुदरा महंगाई के आंकड़ों में अपेक्षा से तेज गिरावट देखी गई, जो खाद्य मुद्रास्फीति में कमी के कारण संभव हुई। वहीं, कोर मुद्रास्फीति निचले स्तर पर सीमित दायरे में बनी रही।




मॉर्गन स्टेनली ने कहा, 31 मार्च को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए अब हम हमारे पूर्व अनुमान 4.3 प्रतिशत की तुलना में खुदरा महंगाई के औसतन चार प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाते हैं। आरबीआई का ओवरऑल मुद्रास्फीति का एक लक्ष्य (2-6 प्रतिशत) है, इसलिए हमारा मानना है कि इससे अतिरिक्त नरमी की गुंजाइश बनती है।

फरवरी में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति 3.61 प्रतिशत रही। छह महीने में पहली बार यह आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे आई है।खाद्य मुद्रास्फीति पिछले 12 महीने में ओवरऑल मुद्रास्फीति से ज्यादा रही है। इसमें मौसम संबंधी व्यवधानों का भी योगदान रहा है।रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खाद्य मुद्रास्फीति के परिदृश्य में सुधार हुआ है क्योंकि रबी और खरीफ फसल उत्पादन में सालाना आधार पर वृद्धि का अनुमान है, जो अस्थिरता को कम करने में भी मदद करेगा।भले ही विकास में तेजी आ रही है, लेकिन ऋण वृद्धि की प्रवृत्ति अब भी 11 प्रतिशत पर नरम है, जो वित्तीय स्थिरता की चिंताओं को दूर रखता है और विनियमन तथा तरलता के मोर्चे पर और अधिक कटौती की संभावना को दर्शाता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि कोर मुद्रास्फीति में गिरावट आश्चर्यजनक रही है, जो कोर वस्तुओं और सेवाओं की मुद्रास्फीति के निचले स्तर से प्रेरित है।वास्तव में, भले ही बेस इफेक्ट सामान्य होने पर कोर मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, लेकिन कमोडिटी की कीमतों में सीमा-बद्ध प्रवृत्ति से प्रेरित होकर इसके चार प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है।रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति में कमी का असर ओवरऑल सीपीआई में गिरावट की प्रवृत्ति की निरंतरता पर दिखने की संभावना है, जिस पर आरबीआई का फोकस होता है।इस संदर्भ में, ओवरऑल मुद्रास्फीति में नरमी आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में और अधिक कटौती के लिए अधिक गुंजाइश पैदा करती है।

## हीरो मोटर्स ने भारत में फोर्ज्ड पावरट्रेन पार्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग के लिए जर्मनी की एसटीपी के साथ की साझेदारी




नई दिल्ली (ए.) हीरो मोटर्स लिमिटेड (एचएमएल) ने मंगलवार को भारत में फोर्ज्ड पावरट्रेन उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए जर्मनी की श्मीडे टेक्निक प्लेटेनबर्ग (एसटीपी) के साथ एक रणनीतिक ज्वाइंट वेंचर (जेवी) का ऐलान किया।

जेवी के तहत लुधियाना के हीरो इंडस्ट्रियल पार्क में बनाई जाने वाली मैन्युफैक्चरिंग सुविधा में उत्पादन 2026 के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है। हीरो इंडस्ट्रियल पार्क में अन्य ऑटोमोटिव और ईवी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स जैसे एचएमसी एचआईवीई, एचवाईएम और स्पर टेक्नोलॉजीज भी मौजूद हैं। दोनों कंपनियों ने साझा बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपस्थिति के साथ, इस संयुक्त उद्यम का लक्ष्य नियर-नेट शेप प्रिसिजन फोर्जिंग में अंतर को पाटना है और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।एचएमसी ग्रुप के चेयरमैन पंकज एम मुंजाल ने कहा, हमारी मजबूत रिसर्च एवं डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के साथ एसटीपी के साथ यह साझेदारी हमें वैश्विक पावरट्रेन उपकरण बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने में सक्षम बनाएगी।

एसटीपी एक बड़ी जर्मन फोर्जिंग कंपनी है, जिसके जर्मनी में छह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं, जो ऑटोमोटिव और इंडस्ट्रियल उपयोग के लिए हाई-प्रिसिजन वाले फोर्ज्ड और मशीनीकृत उपकरणों का उत्पादन करते हैं।ऑटोमोटिव कम्पोनेंट टेक्नोलॉजी कंपनी एचएमएल, उच्च इंजीनियरिंग वाले पावरट्रेन सॉल्यूशंस और एलॉय एवं मेटालिक्स क्षेत्र में कार्यरत है और इसकी रिसर्च एवं डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं भारत, यूनाइटेड किंगडम और थाईलैंड में फैली हुई हैं।हीरो मोटर्स एचएमसी ग्रुप का हिस्सा है। ग्रुप का कारोबार ऑटोमोटिव उपकरणों, ई-मोबिलिटी, साइकिल, रियल एस्टेट और प्रीमियम रिटेल में फैला हुआ है। एचएमसी ग्रुप का एसेट बेस 1.2 अरब डॉलर है और पूरी दुनिया में 7,500 से अधिक कर्मचारी हैं। समूह ने हाल ही में पंजाब के हाई-टेक साइकिल वैली में वर्ल्ड-क्लास इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना के साथ अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस का विस्तार किया है, जिससे 4 मिलियन यूनिट की क्षमता बढ़ेगी, जिसमें 0.5 मिलियन यूनिट ई-साइकिल भी शामिल हैं।

## भारत का व्यापार घाटा फरवरी में तीन साल के निचले स्तर पर रहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत का वस्तु व्यापार घाटा फरवरी 2025 में घटकर 14.05 अरब डॉलर रह गया, जो तीन वर्षों का न्यूनतम स्तर है। जनवरी 2025 में यह 22.99 अरब डॉलर था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली। व्यापार घाटे में कमी की वजह फरवरी में निर्यात का स्थिर रहना और आयात में कमी आना है।फरवरी में देश का वस्तु निर्यात 1.3 प्रतिशत बढ़कर 36.91 अरब डॉलर हो गया है, जो कि जनवरी में 36.43 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात 16.3 प्रतिशत गिरकर 50.96 अरब डॉलर रह गया है, जो कि जनवरी में 59.42 अरब डॉलर था।झवाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एल सत्य श्रीनिवास ने कहा, आयात में भारी गिरावट, निर्यात के स्थिर रहने और पिछले फरवरी के उच्च आधार प्रभाव के कारण व्यापार घाटा वर्तमान में अगस्त 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है।

## भारत 2028 तक बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, रिपोर्ट में दावा



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। यह दावा वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जिससे भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह असाधारण वृद्धि संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की दूरदृष्टि और साहसिक आर्थिक सुधारों का परिणाम है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली, तब उन्होंने देश के कायाकल्प के लिए एक मजबूत दिशा तय की थी।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने औद्योगिक नवाचार की एक लहर को जन्म दिया, जिसने गांवों को विनिर्माण केंद्र और शहरों को समृद्ध आर्थिक केंद्रों में बदल दिया। इन पहलों से न केवल उद्योगों में वृद्धि हुई, बल्कि भारत को एक डिजिटल महाशक्ति बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

## अदाणी इलेक्ट्रिसिटी को ब्रैंडन हॉल, यूएसए में गोल्ड एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया

मुंबई (आरएनएस)। अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने सोमवार को कहा कि उसे अमेरिका के फ्लोरिडा में आयोजित ब्रैंडन हॉल एचआर एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कंपनी ने बताया कि उसे यह सम्मान अदाणी मार्वेल्स (ए-मार्वेल्स) लीडरशिप प्रोग्राम के लिए बेस्ट लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम कैटेगरी में मिला है। यह सम्मान नेतृत्व के लिये प्रतिभा को बढ़ावा देने और कर्मचारियों के विकास में कंपनी का समर्पण दिखाता है।फ्लोरिडा के ब्रैंडन हॉल एक्सीलेंस कॉन्फ्रेंस में अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, डॉ संजीव मुरामकर को गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान डॉ मुरमकर ने कहा, यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हमारे कर्मचारियों को सशक्त बनाने पर हमारे मजबूत फोकस को दर्शाता है। हमारा मानना है कि कार्यबल में निवेश करना हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है और हम उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए उपकरण और ज्ञान से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## प्रतिस्पर्धी बने सहायक

भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका में आ सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका पर सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी। भारत के दूरसंचार बाजार में लगभग ड्यूपॉली (द्वि-अधिकार) की स्थिति है। रिलायंस जियो और भारती एयरटेल का बाजार के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा है। इन्हें प्रतिस्पर्धी कंपनियां समझा जाता है। सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के क्षेत्र में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस-एक्स के उतरने की संभावना के बीच अपेक्षा थी कि दोनों कंपनियां आपसी प्रतिस्पर्धा जारी रखते हुए स्पेस-एक्स की स्टारलिंक सेवा के साथ होड़ करेंगी। मगर अब सूरत यह है कि भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू होने के पहले ही उसमें स्टारलिंक की मोनोपॉली (एकाधिकार) कायम हो गई है। जिन कंपनियों से प्रतिस्पर्धा की अपेक्षा थी, वे स्पेस-एक्स की सहायक बन गई हैं। दोनों कंपनियों ने स्पेस-एक्स से जो करार किया, उससे साफ है कि ये भारतीय बाजार में स्टारलिंक सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी की भूमिका में होंगी। इसीलिए इन कंपनियों के बीच हुए करार को आश्चर्यजनक घटना माना गया है। जियो भारत में सबसे बड़ा टेलीकॉम ऑपरेटर है। अनुमान है कि उसके 48 करोड़ से अधिक यूजर हैं। अब वह अपने रिटेल स्टोरों में स्टारलिंक के उपकरण का स्टॉक करेगी। उसके हजारों आउटलेट्स का उपयोग स्टारलिंक अपने प्रत्यक्ष वितरण केंद्र के रूप में करेगी। इसी भूमिका में एयरटेल भी होगी। यहां याद करना उचित होगा कि सैटेलाइट इंटरनेट के स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर मस्क और भारतीय कंपनियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी। रिलायंस चाहती थी कि सेटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी हो। मस्क की कंपनी का तर्क था कि स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जाए। लेकिन अब सारा विवाद दूर हो गया है। वह भी तब, जबकि भारत सरकार ने स्पेक्ट्रम का आवंटन किया नहीं है। वैसे मीडिया कयास के मुताबिक इन करार के पीछे भारत और अमेरिका की सरकारों ने भी परोक्ष भूमिका निभाई है। इस घटनाक्रम से भारतीय पूंजीवाद के रूप पर नई बहस खड़ी होगी। भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता और स्वेच्छा से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका को स्वीकार कर सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका से जुड़े सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी।



रॉयल न्यूज़ीलैंड नौसेना के प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग 18 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह से मुलाकात करते हुए।

# भारत में वस्त्र क्षेत्र की क्रांतिः एक उदीयमान उपभोक्ता पावरहाउस की गाथा

## परिवर्तन का एक दशक - समृद्ध भारत का उदय

**केन्द्रीय वस्त्र मंत्री, श्री गिरिराज सिंह**

एक दशक पूर्व भारत की जनसंख्या लगभग 125 करोड़ थी। उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्यकता से प्रेरित होता था। खरीदारी का पूर्वानुमान लगाना बहुत ही आसान था। त्योहारों के लिए नए कपड़े, सावधानीपूर्वक योजना आधारित खर्च और फिजूलखर्ची की बजाय बचत पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। लक्जरी ब्रांडों की दूर से प्रशंसा की जाती थी। उच्च श्रेणी का फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आज देश की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है। वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है। इतना ही नहीं, अपने जीवन में अनेक अवसरों को उत्सव के तौर पर देखता है। भारत अब न केवल आगे बढ़ रहा है, बल्कि यह समृद्ध भी हो रहा है। बढ़ती क्रय शक्ति, विकसित हो रही उपभोक्ता मानसिकता और अंतिम-मील डिजिटल कनेक्टिविटी ये तीनों इस बदलाव के मुख्य वाहक हैं। आर्थिक सुधार अभूतपूर्व रहा है। इसे बढ़ती आय, सरकार समर्थित विनिर्माण पहल और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के माध्यम से पंख लगे हैं। 2020 में आत्मनिर्भर भारत योजना शुरू की गई। इस विजन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी। इसे प्रोडकशन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों द्वारा और सशक्त किया गया। जैसे-जैसे विनिर्माण में उछाल आया, रोजगार सृजन हुआ और इसके साथ ही डिस्पोजेबल आय में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप भारतीयों के खर्च करने के तरीके बदल गए। उपभोग अब भारत के विकास की गाथा के केंद्र

में है, जो कपड़ा क्षेत्र को स्वर्ण युग में ले जाने के लिए तैयार है। एक सशक्त भारत — आत्मविश्वास से परिपूर्ण, साहसी और आकांक्षी पिछले कई वर्षों में, आकांक्षाएं सचमुच वास्तविकता से आगे निकल गईं। लोगों ने कड़ी मेहनत की, बड़े सपने देखे, फिर भी अवसर पहुंच से बाहर लगे। फिर नीति-संचालित

परिवर्तन के एक दशक ने महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल दिया। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ, डिजिटल इंडिया ने आकार लिया और आर्थिक सुधार मूर्त विकास का इंजन बन गए। इसके प्रभाव से भारत एक गुणवत्ता, शैली और सुविधा को अपनाने के लिए तैयार आत्मविश्वासी उपभोक्ताओं वाले देश के रूप में विकसित हो गया। आय में उछाल आया है। प्रति व्यक्ति आय 2014-15 में 72,805 रुपए से बढ़कर 2023-24 में 1.88 लाख रुपए हो गई है और 2030 तक 3.5 लाख रुपए तक पहुंचने



का अनुमान है। आज छह करोड़ भारतीय सालाना 8.3 लाख रुपए से अधिक कमाते हैं - 2015 की संख्या सेदोगुने से भी अधिक है। यह बढ़ती समृद्धि फैशन, कपड़ा और जीवन शैली वाले उत्पादों की अभूतपूर्व मांग को बढ़ावा दे रही है। 2027 तक, भारत चौथा सबसे बड़ा उपभोक्ता टिकाऊ बाजार होगा, जो न केवल सामर्थ्य बल्कि आकांक्षाओं से प्रेरित होगा। कोविड के बाद उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव एक गेम-चेंजर रहा है। डिजिटल पहुंच बढ़ी, ऑनलाइन रिटेल फला-फूला और यूपीआई लेनदेन आसमान छू गया। वित्त वर्ष 2013- 14 में 220 करोड़ से इस डिजिटल परिवर्तन ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि चाहे मेट्रो शहर में रहें या छोटे शहर में, भारतीयों के पास अब वैश्विक और स्थानीय फैशन तक निर्बाध पहुंच है। भारत की फैशन क्रांति - परंपरा का महत्वाकांक्षा से मिलन कभी पश्चिमी अवधारणा, फास्ट फैशन अब युवा भारतीयों के लिए जीवन का एक तरीका है। जो कभी अनन्य था, वह अब पहुंच के भीतर है। इसका श्रेय ज्यूडियो, रिलायंस ट्रेंड्स और

शीन जैसे ब्रांडों को जाता है। ये ब्रांड 10 बिलियन डॉलर के उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं। यह कारोबार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। लेकिन यह बदलाव केवल सामर्थ्य के बारे में नहीं है - लक्जरी और विरासत वाले वस्त्र फास्ट फैशन के साथ- साथ फल-फूल रहे हैं। जैसे-जैसे आकांक्षी परिवार 2027 तक 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर रहे हैं, हस्तनिर्मित कपड़े, रेशम की साड़ियां और उच्च श्रेणी के डिजाइनर परिधान फिर से उभर रहे हैं। यह क्रांति कोई संयोग भर नहीं है। यह सरकार द्वारा संचालित पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिचौलियों को खत्म करके कारीगरों के प्लेटफार्मों को डिजिटल बनाकर और सीधे ग्राहक- से-कारीगर कनेक्शन को सक्षम करके, डिजिटल इंडिया ने फैशन को खरीदने और बेचने के

तरीके को बदल दिया है। महाराष्ट्र की पैठणी, कश्मीर की पश्मीना - अब एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध है। फैशन का यह लोकतंत्रीकरण कारीगरों को सशक्त बना रहा है। इससे विरासत शिल्प को पुनर्जीवन मिल रहा है, और भारत की वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर सबसे आगे आ रहा है।विलासिता और विरासत - पहले की तुलना में अधिक सुलभ भारतीय शादियां हमेशा भव्य रही हैं। किंतु, आज वे अरबों-खरबों डॉलर की आर्थिक शक्ति हैं। 45 बिलियन डॉलर का विवाह उद्योग पारंपरिक बुनाई क्लस्टरों में नई जान फूंक रहा है। इसमें परिवार बड़े पैमाने पर उत्पादन के बजाय कलात्मकता को चुन रहे हैं। विलासिता अब लेबल के बारे में नहीं है, यह विरासत के बारे में है। दुल्हन और दूल्हे विशिष्टता का विकल्प चुन रहे हैं। वे हाथ से बुने हुए बनारसी रेशम, जटिल कांजीवरम और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का जश्न मनाने वाले डिजाइन का चयन कर रहे हैं। लेकिन परिवर्तन केवल परिधान तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2019-23 के बीच रियल

एस्टेट की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और बड़े, अधिक परिष्कृत घरों के साथ हस्तनिर्मित साज-सज्जा, डिजाइनर असबाब और विरासत सजावट की मांग बढ़ गई है। आधुनिक घर अब भारतीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन बन गए हैं। इसके परिणाम स्वरूप हाथ से बने वस्त्रों की मांग फैशन से परे इंटीरियर और लक्जरी लिविंग में बढ़ रही है। भारत के वैश्विक फैशन नेतृत्व की शुरुआत भारत का कपड़ा उद्योग अब केवल उत्पादन के बारे में नहीं है। यह नवाचार, डिजाइन और वैश्विक प्रभाव के बारे में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, मेक इन इंडिया डिजाइन इन इंडिया में विकसित हुआ है, जहां भारतीय रचनात्मकता अंतरराष्ट्रीय फैशन को आकार देती है। अनुसंधान और विकास पर सरकार का ध्यान और एक संपन्न टार्टअप

इको-सिस्टम को बढ़ावा देने से बेजोड़ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तीन टी टैक्सटाइल (वस्त्र), टूरिज्म (पर्यटन) और टैक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) - पर काम करते हुए अपना देश अब एक विकसित भारत की नींव रख रहा है।

# क्रोनी खरबपतियों का गुर्दा!

**हरिशंकर व्यास**

भारत में ही इस तरह सोचना होता है तो सोचें, पैसा व्यक्ति को निडर बनाता है या कायर? पैसा ईमानदारी बनवाता है या बेईमानी? पैसे की अमीरी में प्रतिस्पर्धा का हौसला बनना चाहिए या हारने का डर? पैसा संतोष पैदा करता है या भूखा बनाता है? पैसे से दिमाग सत्य में बेधड़क होता है या झूठ की तूताड़ी बजाता है?

इन सवालों के जवाब मनुष्यों की नस्ल, देश के सभ्य या असभ्य होने की प्रकृति पर निर्भर है! मगर भारत का, उसके सर्वकालिक जगत सेठो, अंबानी, अडानी, मित्तल आदि नामों के खरबपतियों का एक ही इतिहास है। और वह अमिट है। वह बताता है कि पैसा भारत में भ्रष्टाचार, लूट और भयाकुलता तीनों की त्रिवेणी है। नतीजतन पैसा भारत में भीरूता बनाता है। लूट बनवाता है और साथ ही कायर व अप्रतिस्पर्धी भी। इसलिए अधीनता, गुलामी और एजेंटगिरी गारंटीशुदा है। गंभीरता से विचारें कि अंबानी, अडानी, मित्तल आदि धन्नासेठों के देश और विदेश में क्या मायने हैं? मेरा मानना है दुनिया में कही भी ऐसे धनपति नहीं हैं, जैसे भारत के हैं! ये भारत के कुलीन-अमीर वर्ग के वे प्रतीक हैं, जिस पर कभी लालकृष्ण आडवाणी ने पत्रकारों के संदर्भ में बोला था कि झुकने को कहा था, लेकिन वे रेंगने लगे।

पर पत्रकार तो भारत का दीन-हीन बेचारा नारद है। उन खरबपतियों पर सोचें, जो शेर को पालतू बना कर प्रधानमंत्री से शेर के पिल्लों को दूध पिलवा बहादुरी के तराने बनवाते हैं! फिर मालूम होता है कि वे खुद और उनके साथ देश ही इलॉन मस्क के चरणों में लोटपोट है। बहुत खराब! बहुत क्षोभजनक!

वह इलॉन मस्क, जिसकी इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी स्टारलिंक के खिलाफ मुकेश अंबानी, सुनील मित्तल अर्थात रिलायंस जियो और एयरटेल ने साझा तौर पर मोदी सरकार के आगे नियमों, कायदों, सैद्धांतिक आधारों पर दलीलें दीं। मस्क की कंपनी के भारत प्रवेश को रोके रखा। मगर गुजरे सप्ताह रातों रात इन्होंने इलॉन मस्क की कंपनी के साथ मार्केटिंग सौदे कर डाले! उसके वेंडर हो गए! भारत की ये दो संचार कंपनियां अपनी ग्राहक संख्या, भारत के विशाल बाजार पर अपनी मोनोपॉली में अपने आपको शेर खां समझती थीं। जियो के मालिक मुकेश अंबानी इलॉन मस्क को रोकने के लिए यहां तक हवाबाजी कर रहे थे कि रिलायंस भारत में खुद की सेटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करेगा। सरकार को नीलामी से ही अंतरिक्ष स्पेक्ट्रम के आवंटन की नीति पर टिके रहना चाहिए। ध्यान रहे दो वर्षों से इलॉन मस्क की कंपनी भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने की अनुमति के लिए हाथ-पांव मार रही थी। लेकिन अंबानी और मित्तल ने कंपीटिशन के डर में, भारत के लोगों को घटिया सर्विस का गुलाम बनाए रखने, बेइंतहां मुनाफा कमाते रहने की भूख, देश की आत्मनिर्भरता के झूठ से इलॉन मस्क की कंपनी की एंट्री पर रोड़े अटका रखे थे।

और अब क्या सच्चाई है? भारत के ये क्रोनी पूंजीपति इलॉन मस्क की कंपनी का वेलकम ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि रातों रात स्टारलिंक कंपनी से करार करके उसके मार्केटिग एजेंट हो गए हैं! तभी सोचें, भारत के इन अरबपतियों की दशा पर? इन्हें इलॉन मस्क की कंपनी से अपने बाजार, अपने अखाड़े में लड़ना चाहिए था, कंपीटिशन दे कर अमेरिकी कंपनी को नानी याद करानी थी या उससे कमीशनखोरी का करार कर उसकी सेवा की बिक्री करवाने का धंधा बनाना था? जिन दो भारतीय कंपनियों ने संचार में वर्चस्व से अपने को शेर खां बनाया है उनमें यह निडरता, यह ताकत क्यों नहीं जो विदेशी कंपनी से अपने अखाड़े में लड़ने, उसे हराने के लिए कमर कसते!

क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदेश दिया कि लड़ना नहीं उससे सौदा पटाना है?

कुल मिला कर वही कहानी है, वही सत्य है जो ईस्ट इंडिया कंपनी, चाइनीज कंपनियों के आगे भारत के धनपतियों, व्यापारी, उद्योगपतियों का था और है। भारत में सबको सिर्फ आसान पैसा चाहिए। भारत में हाथ काले करके, कड़ी मेहनत और सच्ची-अच्छी सेवा-सामान देने के बजाय केवल और केवल जैसे-तैसे पैसा कमाने का नशा है, संस्कार और शिक्षा है। मौके, स्थितियों का फायदा उठाना अंबानी-अडानी छाप व्यापारियों का इसलिए डीएनए है क्योंकि पैसे कमाने का यही आसान तरीका है। इलॉन मस्क को पहले आने मत दो और यदि आए तो उसके एजेंट, वेंडर बन जाओ। उससे साझा करके उसे समझाओ कि वह दुनिया में बाकी जगह भले सस्ती-अच्छी सेवा दे लेकिन भारत के बाजार में महंगी सेवा देनी है। ताकि तुम भी कमाओ और हम भी कमाएं। ग्राहकों को सर्विस या उनकी शिकायतों जैसे काम हमारी कंपनी संभाल लेगी! जाहिर है धंधे की इस तरकीब में भारत में संचार वैसा ही घटिया और महंगा बना रहेगा जैसा शुरू से आज तक है।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। आज धन लाभ के नए सोर्स मिलेंगे। इस राशि के युवाओं की विज्ञान के क्षेत्र में की रुचि बढ़ेगी। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को खुशखबरी मिल सकती हैं। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति लापरवाही करने से बचना चाहिए।

वृष राशि : आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज आपके पराक्रम और धैर्य में वृद्धि होगी। आज बिजनेसमैन को लाभ होने की संभावना है। इस राशि की महिलाएं अपने व्यवसाय और नौकरी में विशेष सफलता हासिल करेंगी। आज घर का माहौल खुशनुमा बनाने के लिए कुछ समय परिजनों के साथ बिताएंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आज आपका मन अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। आज रुका हुआ कार्य पूरा होने वाला है, हालांकि अधिक मेहनत भी करनी पड़ेगी। आपकी सकारात्मक और संतुलित सोच आपको तरीके से कार्य पूरा करने में मदद करेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका उचित योगदान बना रहेगा।

कर्क राशि । आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन- मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। इस राशि के छात्रों को किसी विशेष सब्जेक्ट को लेकर बहुत अधिक एकाग्रता बनाए रखने की जरूरत है। आज अपनी सीक्रेट बाते किसी से भी शेयर ना करें। अगर बात करे सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन में चल रही अनबन दूर करने की कोशिश करेंगे। आज व्यावसायिक मामलों में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा जरूर होगा। रुके हुए ऑफिशियल कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। ऑफिस में आपको किसी कार्य में सीनियर्स की मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य समय पर पूरा हो जाएगा। आज आपको अजनबी लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। साझेदारी में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आज सम्मानित व्यक्तियों के साथ समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज घर की सुख-सुविधा से संबंधितमूल्यवान वस्तुओं की खरीददारी संभव है। धर्म-कर्म के कार्यों में आज आपका मन लगेगा। आज नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपके निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने की उम्मीद है। प्रॉपर्टी से संबंधित कार्यवाही चल रही है, तो आज बात बन सकती हैं। जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया आपके आत्मविश्वास को और अधिक मजबूत करेगा।

मकर राशि :आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी प्रकार की नकारात्मक स्थिति बनने पर धैर्य से काम लें, सब ठीक हो जायेगा। घर की किसी समस्या को आज शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास करेंगे।

कुंभ राशि :आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। पिछले कुछ समय से चल रही उलझन आज दूर होगी, जिससे खुद को रिलैक्स फील करेंगे। निवेश संबंधी कार्यों के लिए आज समय बहुत ही उत्तम है। आज घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व स्नेह आपको मिलेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी समस्याओं का समाधान निकालने में आज आप सफल होंगे। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। अध्यात्म के प्रति रुचि रखना आपके स्वभाव को और अधिक विनम्र बनाएगा। आज घर में खुशी का माहौल बनेगा। जीवनसाथी के साथ आज आपका तालमेल बढ़िया रहेगा। आपको व्यापार में मुनाफा हो सकता है।

## मध्यप्रदेश सरकार का बजट

# मोदी-मंत्रों के साथ विकास की ऊँची उड़ान का संकल्प

**रमेश शर्मा**

डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट बहुआयामी है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश की रूपरेखा के साथ प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के तीनों मंत्र की झलक है। मोदीजी के ये तीन मंत्र च्विकास के साथ विरासत का सम्मान और च्लोकल फॉर वोकलज्ञ हैं । इस बजट आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के प्रावधान भी हैं। बिना कोई नया कर लगाये 15% की वृद्धि इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता है। वर्ष 2025-26 केलिये मध्यप्रदेश सरकार का बजट आ गया है। विशेषताओं, व्यापकताओं और नवाचारों से युक्त है। यह बजट बुधवार 12 मार्च को वित्तमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में प्रस्तुत किया। बजट में एक ओर मध्यप्रदेश की साँस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को सहेजा गया है तो दूसरी ओर आधुनिक दुनियाँ की दौड़ में अग्रणी रहने केलिये औद्योगिकरण को गति देने का प्रयास किया गया है। ताकि मध्यप्रदेश भारत के विकसित प्रातों में अग्रणी बन सके। बजट परिवार का हो, या किसी स्वायत्तशासी संस्थान का। अथवा किसी प्रगतिशील राष्ट्र का। उसमें अतीत के अनुभव, आधारभूत आयामों का सशक्तिकरण, आयवृद्धि के उपाय और व्यय का नियमन होना चाहिए। इसके साथ एक गतिमान वातावरण भी होना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट इन आधारभूत आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह अनेक विशेषताओं, व्यापकताओं और नवाचारों से युक्त है। बजट में किसी भी पुरानी योजना को बंद नहीं किया गया है । और न कोई नया टैक्स लगाया गया है। किसी पुराने टैक्स में वृद्धि भी नहीं की गई।

### विरासत के साथ विकास

किसी भी परिवार, समाज और देश की अपनी विरासत होती है। उसमें विशेषताओं और वर्जनाओं दोनों की झलक होती है। विरासत और इतिहास वर्तमान पीढ़ी को अपनी विकास यात्रा में गतिमान बनाता है। विरासत में अनेक कथानक भी जुड़े होते हैं। इन कथानकों में उन्नति का संदेश और अवनति के प्रति सावधानी भी होती है। मध्यप्रदेश में ऐसे अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थल हैं । जो गौरवशाली अतीत के प्रसंगों से जुड़े हैं। मध्यप्रदेश सरकार के इस बजट में उन सभी स्थानों के विकास को महत्व दिया गया है। जिससे पर्यटन बढ़ेगा और मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान संसार के सामने आ सकेगी। इससे एक तीसरा लाभ भी है जो प्रदेश की वर्तमान पीढ़ी में एक विशिष्ट आत्म विश्वास का संचार करेगा। वही पौधा विशाल वृक्ष बनकर आसमान की ऊँचाइयों को छूता है जिसकी जड़ें गहरी होतीं हैं। यदि जड़ें कमजोर हैं तो वृक्ष पहली बरसाती बाढ़ में ही बह जायेगा। इसलिये जड़ों का गहरा और मजबूत होना जरूरी है। यही सिद्धांत समाज और राष्ट्र के दीर्घजीवन पर भी लागू होता है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी ने विकसित भारत यात्रा को विरासत से जोड़ा है। जिसे मध्यप्रदेश सरकार ने भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रात है। यह संसार के प्राचीनतम भूभागों में से एक है। अरावली, सतपुड़ा और विन्ध्याचल पर्वत श्रृंखलाओं से समृद्ध यह भूभाग तब भी था जब हिमालय नहीं था और यूरोप ने आकार भी नहीं लिया था। यहाँ करोड़ो वर्ष पुराने जीवाश्म और लाखों वर्ष पुराने शैलचित्र मिलते हैं। डायनासोर के जीवाश्म भी मध्यप्रदेश में मिले हैं। डॉ मोहन सरकार के इस बजट में इन सभी विशिष्ट स्थलों को सहेजने का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने संस्कृति पर्यटन और धर्मस्व विभाग में 1610 करोड़ का प्रावधान किया है। इसके अंतर्गत दो जीवाश्म पार्क विकसित करने किये जायेगें इनमें करोडों वर्ष पुराने डायनासोर के जीवाश्म सहित वे सभी च्फॉसिल्सज्ज सहेजे जायेगें जो आज भी पूरे विश्व केलिये कौतुहल हैं। फॉसिल्स पार्क विकसित हो जाने से संसार भर के शोधकर्ता मध्यप्रदेश आयेंगे। इससे प्रदेश की साख पूरे संसार में बढ़ेगी और स्थानीय नागरिकों को रोजगार के परोक्ष अवसर भी मिलेंगे। इसके साथ औकारेश्वर, महाकाल उज्जैन, मैहर जैसे धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने के प्रावधान किये गये हैं। बजट में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिये दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष प्रयागराज महाकुंभ में श्रृद्धालुओं की संख्या को देखकर मध्यप्रदेश सरकार अभी से सावधान हुई है। बजट में महाकाल लोक की भाँति ओंकारेश्वर महालोक विकसित करने का प्रावधान है। औकारेश्वर आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली भी रही है। यहाँ आचार्य शंकर अद्वैत वेदान्त संस्थान स्थापना के साथ अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान की स्थापना की जा रही है। इसके लिये पाँच सौ करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम अपनी वनयात्रा में मध्यप्रदेश भी आये थे। चित्रकूट से लेकर अमरकंटक तक उनकी यात्रा के चिन्ह हैं। बजट में रामपथ गमन के विकास केलिये तीस करोड़ का प्रावधान किया गया है। वही? महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण की यात्रा चिन्हों को समेटने केलिये श्रीकृष्ण पाथेय योजना पर दस करोढ़ रुपये का प्रावधान है। इनके अतिरिक्त धार्मिक और सांस्कृतिक अन्य 14 स्मारकों को सहेजने केलिये बजट में 507 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार इन सभी स्थलों पर अधोसंरचना के विकास के साथ पर्यटन प्रोत्साहन की योजना पर काम कर रही है । इससे दो लाभ होंगे एक तो पर्यटन से स्थानीय नागरिकों को परोक्ष रोजगार मिलेगा और दूसरा मध्यप्रदेश की विरासत संसार के सामने आ सकेगी। इन सभी स्थलों पर धार्मिक ग्रंथों, साहित्य और वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अध्ययन केन्द्र भी स्थापित किये। इस मद पर सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मध्यप्रदेश सरकार के इस बजट में यदि अपनी विरासत सहेजने का प्रावधान किया गया है तो आधुनिक विकास यात्रा केलिये औद्योगिकरण पर भी जोर दिया है । यह पूरा वर्ष उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। बजट में 39 नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा की गई है, उद्योगों केलिये भूमि आवंटन की अवधि 59 दिन से घटाकर 29 दिन कर दिया गया है। निवेश अनुदान के लंबित प्रकरण के निराकरण केलिये बजट प्रावधान भी बढ़ाया है। इन निर्णयों से मध्यप्रदेश के औद्योगीकरण की गति बढ़ेगी।

विशेषकर उद्योग वर्ष मनाने की घोषणा से स्थानीय नागरिकों में उद्योग स्थापना के प्रति रुचि जाग्रत होगी। वे अपनी रुचि, प्रतिभा और क्षमता के अनुरुप अपना उद्योग व्यापार स्थापित करने की ओर प्रोत्साहित होंगे। मध्यप्रदेश सरकार की यह नीति आधुनिक दुनियाँ की प्रगति दौड़ में प्रदेश और देश को अग्रणी बनने केलिये महत्वपूर्ण है। आज की दुनियाँ में विकास की दौड़ की बुनियाद औद्योगिकरण है। औद्योगिकरण की मानों एक स्पर्धा चल रही है। इसमें अग्रणी रहने केलिये औद्योगिकरण में नवाचार जरूरी है।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रायपुर-रसूलपुर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड हमला करने वाले का एनकाउंटर

जालंधर, (आरएनएस)। जालंधर के रायपुर-रसूलपुर में यूट्यूबर रोज़र संधू के घर पर ग्रेनेड हमले के आरोपियों में से एक यमुना नगर के शादीपुर गांव का रहने वाला हार्दिक पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, हार्दिक की टांग में गोली लगी है।

पुलिस ने घटना के तुरंत बाद आरोपी से वेपन रिकवरी हेतु राजपुर-रसूलपुर के बल्लां क्षेत्र में संपर्क किया। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो उसने उन पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपित गैंगस्टर लॉरेंस की गैंग से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में पुलिस हथियारों और अन्य ग्रेनेड की बरामदगी के लिए जांच में जुटी हुई है।

## सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या पर अमेठी के पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

अमेठी, (आरएनएस)। सीतापुर जनपद में हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन अब तक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर प्रदेशभर में आक्रोश है, जिसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला माना जा रहा है।

इसी को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (अमेठी शाखा) के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से सौंपा। पत्रकारों ने मांग की कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में पत्रकार बिना किसी भय के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ये पत्रकार रहे मौजूद शेषनारायण त्रिपाठी, दिव्यांश मिश्रा, राकेश शुक्ला, राम मूरत यादव, अशोक कुमार पांडेय, कुलदीप सिंह, चंद्र प्रकाश मौर्य, मानसिंह अनुपम पांडे, राजाराम आर्य, मीनाक्षी मिश्रा और डॉ. एसपी पाल।

क्या बोले पत्रकार संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अमेठी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार की सहमति से सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से त्वरित न्याय की मांग की।

इस घटना को लेकर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के पत्रकारों में गहरा रोष व्याप्त है।

## उदयपुर के घड़ी शोरूम में लगी भीषण आग, दुकानदार का परिवार सुरक्षित निकाला

उदयपुर (आरएनएस)। यहां बापू बाजार स्थित नटराज गली में शनिवार सुबह एक घड़ी के शोरूम में आग लग गई। आग लगने के बाद दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसे के समय दुकानदार का परिवार तीसरी मंजिल पर फंसा हुआ था, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब टाइमेक्स शोरूम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धमाकों की आवाज सुनकर इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की।

तीन मंजिला इस इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर घड़ियों की दुकान है, जबकि तीसरी मंजिल पर दुकानदार निकेश वलवानी अपने परिवार के साथ रहते हैं। आग लगने के दौरान परिवार घर में ही था और बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। मौके पर पहुंचे सूरजपोल थाना के सूचना अधिकारी भावेश गुर्जर और एसआई वीरम सिंह ने सीढ़ी लगाकर परिवार के चारों सदस्यों को पास की बिल्डिंग से सुरक्षित बाहर निकाला।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के बाद बाजार में भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसे पुलिस ने हटाया। सुरक्षा के लिहाज से आसपास की दुकानों को कुछ समय के लिए बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पीएम मोदी ने महाकुंभ को बताया महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़, नदी उत्सवों को बढ़ावा देने की अपील

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ को 1857 के आंदोलत और महात्मा गांधी के दांडी मार्च की तरह महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण बताते हुए मंगलवार को कहा कि सबके प्रयास से यह संभव हो सका।

संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में महाकुंभ पर एक बयान में प्रधानमंत्री ने इसे देश की एकता, संस्कृति और सामर्थ्य का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इस आयोजन ने पूरे विश्व को भारत की ताकत दिखाई। उन्होंने देशवासियों, उत्तर प्रदेश की जनता, खासकर प्रयागराज के लोगों और सभी कर्मयोगियों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

पीएम मोदी ने कहा, मैं कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ इतना भव्य हुआ। गंगा को धरती पर लाने के लिए भागीरथ ने जो प्रयास किया था, वैसा ही महाप्रयास इस आयोजन में दिखा। मैंने लाल किले से सबका प्रयास की बात कही थी, और महाकुंभ में यह साकार हुआ। पूरे विश्व ने भारत के विशाल स्वरूप को देखा।

उन्होंने इसे जनता की श्रद्धा और संकल्प का परिणाम बताया।

प्रधानमंत्री ने महाकुंभ को राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा कि



इसने देश के सामर्थ्य पर उठने वाली शंकाओं को खत्म कर दिया।

उन्होंने पिछले साल हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र करते हुए कहा, राम मंदिर के बाद महाकुंभ ने यह साबित किया कि भारत अगले एक हजार साल के लिए तैयार है। यह हमारे इतिहास में एक ऐसा मोड़ है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दांडी मार्च जैसे ऐतिहासिक पलों का उल्लेख करते हुए महाकुंभ को भी उसी कड़ी का हिस्सा बताया। पीएम ने कहा कि महाकुंभ का उत्साह डेढ़ महीने तक दिखा। लोग सुविधाओं और चिंताओं से ऊपर उठकर इसमें शामिल हुए।उन्होंने अपने हाल के मॉरीशस दौरे का जिक्र किया, जहां वे त्रिवेणी संगम का पवित्र जल लेकर गए थे। उन्होंने कहा, जब गंगाजल को वहां अर्पित किया गया, तो श्रद्धा का माहौल देखते बनता था। यह दिखाता है कि हमारी संस्कृति को अपनाने की भावना कितनी मजबूत हो रही है।उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं को गर्व के साथ अपना रही है, जो देश की बड़ी ताकत है।पीएम मोदी ने महाकुंभ को एकता का सबसे बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, देशभर से लोग प्रयागराज आए। अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले, अलग-अलग राज्यों के लोग संगम तट पर जुटे। वहां छोटे-बड़े का कोई भेद नहीं था। मैं नहीं, हम की भावना दिखी। यह एकता आज के दौर में हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, जब दुनिया में बिखराव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से देश को कई प्रेरणाएं मिली हैं, जिनमें एकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी शामिल है।



प्रधानमंत्री और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री श्री क्रिस्टोफर लक्सन 17 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा करेंगे।

## लैंड फॉर जॉब मामला : ईडी ने राबड़ी-तेज प्रताप को आज पूछताछ के लिए बुलाया, लालू को भी भेजा समन

नई दिल्ली (आरएनएस)। नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव को ED ने तलब किया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। लालू के साथ ही राबड़ी यादव और तेज प्रताप यादव को भी जांच एजेंसी तलब किया है। ईडी ने उन्हें पटना जोनल ऑफिस में पेश होने के लिए कहा है। तेज प्रताप और राबड़ी देवी को आज बुलाया गया है, जबकि लालू यादव को कल यानी बुधवार के लिए बुलाया गया है।बता दें लैंड फॉर जॉब स्कैम केस साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से अपने परिवार के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं। सीबीआई ने 18 मई 2022 को लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मिल चुकी है। आरोप है कि 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीनें तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनसे संबंधित कंपनी एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दी थी।



### पाकिस्तान से आई सीमा हैदर के घर आई खुशी, बेटी को दिया जन्म; सोशल मीडिया से होगा नाम का सजेशन



नई दिल्ली(आरएनएस)। पाकिस्तान से भारत आने वाली सीमा हैदर और यहां उनके पति सचिन मीणा एक बार फिर खबरों में हैं। सीमा हैदर और सचिन मीणा के घर मंगलवार सुबह 4 बजे बेटी का जन्म हुआ है। सीमा को अपनी बहन मानने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह ने जानकारी दी कि सीमा सचिन मीणा ने एक प्राइवेट अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के जरिए बेटी को जन्म दिया है।उन्होंने कहा कि हमारे और पूरे परिवार के लिए ये खुशी का अवसर है कि जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं।

## बंबई हाईकोर्ट ने रिश्वतखोरी के आरोपी न्यायाधीश को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

मुंबई,(ए)। बंबई हाईकोर्ट ने रिश्वतखोरी के मामले में आरोपी सत्र अदालत के न्यायाधीश को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने धोखाधड़ी मामले में जमानत देने के लिए कथित तौर पर पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में सतारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम के खिलाफ मामला दर्ज किया था।



न्यायिक अधिकारी से संबंधित मामला होने के कारण न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की पीठ ने मामले की सुनवाई कक्ष में की लेकिन उन्होंने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि वह कोई राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। निकम ने जनवरी में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया था और दावा किया था कि वह निर्दोष हैं उन्हें फंसाया गया है।वकील वीरेश पुरवंत के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया कि प्राथमिकी में निकम द्वारा पैसे की कोई सीधी मांग या स्वीकार करने के तथ्य नहीं दिखाए गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि उन्हें न तो शिकायतकर्ता और अन्य आरोपियों के बीच मुलाकातों के बारे में पता था और न ही शिकायतकर्ता का जमानत मांगने वाले आरोपी से कोई संबंध था। एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक उसके पिता, जो 'सिविल डिफेंस' कर्मचारी हैं, सरकारी नौकरी देने के बहाने किसी को धोखा देने के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं।

निचली अदालत ने जमानत देने से इनकार करने के बाद महिला ने सतारा सत्र अदालत में जमानत याचिका दायर की, जिस पर निकम को सुनवाई करनी थी।एसीबी ने आरोप लगाया कि दो लोगों मुंबई के किशोर संभाजी खरात और सतारा के आनंद मोहन खरात ने निकम के कहने पर महिला से अनुकूल आदेश के लिए पांच लाख रुपए की मांग की थी।एसीबी ने दावा किया कि तीन से 9 दिसंबर, 2024 के बीच की गई जांच के दौरान रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई कि निकम ने किशोर खरात और आनंद खरात के साथ साठगांठ करके रिश्वत मांगी थी।

## बेखौफ लुटेरे : गन पॉइंट पर व्यापारी से 80 लाख रुपये लूटे, वारदात सीसीटीवी में कैद

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के लाहौरी गेट थाना इलाके में एक अंगड़िया व्यापारी से लगभग 80 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। बदमाश ने पहले फायरिंग की और फिर रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना हवेली हैदर कुली चांदनी चौक की है। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। गन पॉइंट पर हुई लूट का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि व्यापारी हवेली हैदर कुली चांदनी चौक में बैग लेकर जा रहा है। आसपास की दुकानों पर लोग भी हैं। इसी बीच उसके पीछे एक बदमाश आता है और अचानक उससे पिस्टल सटा देता है। इसके बाद बदमाश व्यापारी से बैग छीन लेता है। हालांकि, इस दौरान व्यापारी उससे बैग नहीं छीनने का अनुरोध भी करता है, लेकिन वह बैग लेकर फरार हो जाता है। इलाके में मौजूद दीपक ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इलाके में सोमवार शाम छह से सात बजे के बीच अचानक भगदड़ हुई। पता चला कि एक व्यापारी के साथ लूट हो रही है। तीन से चार लोगों ने मास्क लगा रखा था और कुछ ने मास्क नहीं लगाया था। इस मार्केट में महिलाएं भी रहती हैं और शॉपिंग करती हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का हमला, हिमाचल बजट जनता के लिए शून्य

शिमला ,(आरएनएस)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सुखविन्द्र ने अपने कार्यकाल का तीसरा बजट प्रस्तुत किया। उन्होंनें कहा कि लगभग 58 हजार करोड़ रू0 का यह बजट हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए शून्य है।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि मुख्यमंत्री के शब्दों के अनुसार इस बजट में 25 पैसा सैलरी के लिए, 20 पैसा पैंशन के लिए, 12 पैसा ब्याज के लिए, 10 पैसा देय राशियों के लिए और सामाजिक कार्यों के लिए 9 पैसा, इस प्रकार 100 रू0 में से 76 रूपये एक सामान्य देनदारियां है और उसके बाद 24 रू0 पूंजीगत व्यय के लिए बचता है। विकास के लिए, प्रदेश की जनता के लिए सरकार ने कुछ नहीं रखा है। बजट की यह वस्तुस्थिति उन्होनें स्वयं बजट के अंदर वर्णित की है।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि पूरे बजट में 2022 से पहले की सरकार को केवल कोसने का काम किया है। 2022 से पहले सरकार ने कुछ कर्ज छोड़ा, कुछ काम नहीं किया, उसी बात का हवाला देकर पूरे बजट की शुरूआत की है और उसी बात का हवाला देकर बजट को समाप्त किया गया है। उन्होनें कहा कि इस बजट के अंदर जो कर्ज निरंतर लिया जा रहा है, उस कर्ज के बारे में कोई व्याख्या नहीं है कि यह कर्ज कितनी मात्रा में कब तक लिया जाएगा और उस कर्ज का उपयोग किस कार्य के लिए किया जाएगा, यह एक बहुत बड़ा प्रश्न इसके अंदर पैदा होता है।डॉ. बिन्दल ने कहा कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कोई भी प्रावधान इस बजट के अंदर नहीं किया गया है और न ही इस बात का कोई उत्तर दिया गया कि आपने 1200 स्कूलों को बंद कर दिया है, आपने लगभग 1600 संस्थान बंद कर दिए हैं। आप शिक्षा में गुणवत्ता की बात कर रहे हैं और संस्थान बंद करते चले जा रहे हैं, आप स्वास्थ्य में गुणवत्ता की बात कर रहे हैं और स्वास्थ्य संस्थान बंद करते जा रहे हैं और इस बजट के अंदर भी आपने जो कल्याणकारी योजना हिमकेयर योजना, आयुष्मान योजना उसके बारे में किसी भी प्रकार का कोई जिक्र नहीं किया। जो लाभ इससे जनता को मिल रहा था, उसके बारे में आप पूरी तरह खामोश हैं, और भी चिंताजनक बात यह है कि अनेक योजनाओं का नाम बदलकर आपने जनता को धोखा देने का प्रयास किया।डॉ. बिन्दल ने कहा कि आपने प्रदेश की 20 वर्ष से उपर की बहनो को 1500 रू0 देने की बात कहते समय उसमें पात्र शब्द का प्रयोग किया अर्थात आप यह राशि चुनिंदा बहनो को देने की बात कह रहे हैं। इसी प्रकार से आपने 100 रू0 लीटर दूध की बात की थी लेकिन तीसरा साल आ गया, दूध कहीं भी 100 रू0 लीटर नहीं बिका। कुल मिलाकर जो गारंटियां आपने दी थी, उन गारंटियों के नजदीक भी आप नहीं पहुंच सके। आउटसोर्स कर्मचारियों के बारे में आपने कोई चिंता नहीं की, जो छोटा कर्मचारी है, उसके प्रति भी आपने कोई चिंता नहीं की और एक लाख रोजगार जो सरकारी क्षेत्र के अंदर सरकारी नौकरी के रूप में पहली कैबिनेट में दिया जाना था और 5 लाख रोजगार दिए जाने थे, उसका दूर-दूर तक इस बजट के अंदर कोई जिक्र नहीं है।


## नगरीय निकायों के अध्यक्ष 25 मार्च को लेंगे शपथ, पंचकूला में होगा समारोह

पंचकूला(आरएनएस)। हरियाणा नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के साथ ही अब जश्न का माहौल है। सोमवार को पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में एक अनूठा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह हुआ। इस सम्मेलन में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों, निर्वाचित महापौरों एवं अध्यक्षों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खास बात यह है कि 25 मार्च को पंचकूला में भाजपा के प्रत्येक विजयी पार्षद, महापौर एवं अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह होना है। आइए इस रिपोर्ट के माध्यम से जानें कि इस समारोह को क्या खास बनाता है। डॉ. नरेंद्र सिंह सैनी के मुताबिक पंचकमल में आयोजित समारोह में प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली एवं संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा भी मौजूद रहे। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर कहा, हमारी पूरी टीम की मेहनत का परिणाम यह हुआ है कि हम इस जीत तक पहुंचे हैं। प्रदेश प्रभारी, अध्यक्ष और संगठन मंत्री के मार्गदर्शन में हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। फिर भी, हरियाणा की जनता, जिसने हमें अपार प्यार और सहयोग दिया है, सबसे अधिक धन्यवाद की पात्र है।उन्होंने हाल ही में नामित सभी नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि जीत का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। अपने भाषण में सीएम सैनी ने एक खास बात पर जोर दिया।

# एटीएस और डीआरआई को बड़ी कामयाबी, अहमदाबाद में 90 किलो सोना किया जब्त

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अवैध सोने की तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात एटीएस और डीआरआई ने अहमदाबाद के पालडी इलाके में एक दलाल के घर से छापेमारी कर लगभग 90 से 100 किलोग्राम सोना जब्त किया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जब्त किए गए सोने की अनुमानित कीमत करीब 83 करोड़ रुपए है।

खुफिया जानकारी मिलने के बाद एटीएस अधिकारी पीआई निखिल और पीआई चावड़ा के नेतृत्व में पालडी में स्थित एक घर पर छापा मारा गया। इस छापेमारी के दौरान अधिकारियों को बिस्कुट के रूप में रखा सोना और अन्य आभूषण मिले हैं। घर से बरामद किए गए सोने के वजन का अंतिम आकलन अभी भी जारी है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार यह करीब 95.5 किलोग्राम (अनुमानित) है। इसके अलावा, 60-70 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की गई।



अधिकारियों को अभी भी सोने के सटीक स्रोत का पता लगाना बाकी है और आगे की जांच चल रही है। एटीएस और डीआरआई सोने की तस्करी नेटवर्क और वित्तीय अनियमितताओं के संभावित लिंक की भी जांच कर रहे हैं। हालांकि, जांच आगे बढ़ने और अधिक विवरण सामने आने की उम्मीद है। गुजरात में हाल के वर्षों में सोने की तस्करी के कई महत्वपूर्ण मामले सामने आए हैं। जुलाई 2023 में राजस्व खुफिया निदेशालय ने सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 25 करोड़ रुपए मूल्य के 48.2 किलोग्राम गोल्ड पेस्ट को जब्त किया था।

इस कार्रवाई के दौरान शारजाह से आने वाले तीन यात्रियों और एक हवाई अड्डे के अधिकारी को गिरफ्तार किया गया था।

सोने को पांच ब्लैक बेल्ट के भीतर 20 पैकेट में छिपाया गया था, जिसमें स्क्रीनिंग से बचने के लिए इमिग्रेशन चेकपॉइंट से पहले शौचालय में सोने का आदान-प्रदान करने की योजना थी। इसके अलावा, जुलाई 2023 के एक अन्य मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने दुबई से सोने की तस्करी में शामिल एक जौहरी और एक जोड़े को गिरफ्तार किया था।



*भारतीय तटरक्षक बल ( आईसीजी ) के अपतटीय गश्ती पोत सक्षम ने 18 मार्च, 2025 को हिंद महासागर क्षेत्र में मित्र देशों में अपनी विदेशी तैनाती के हिस्से के रूप में मेडागास्कर के एंटसिरानाना में एक बंदरगाह का दौरा किया।*

# पुष्पा 3 : द रैम्पेज के लिए करना होगा 3 साल इंतजार, 2028 में होगा प्रदर्शन



वर्ष 2024 दिसम्बर 5 को प्रदर्शित हुई निर्देशक सुकुमार की अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2: द रूल भारतीय सिने इतिहास की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर्स फिल्मों में शामिल हुई थी। इस फिल्म के अन्त में इसके तीसरे भाग की घोषणा की गई थी। अब इस फिल्म के निर्माताओं ने पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग पुष्पा 3: द रैम्पेज के प्रदर्शन तिथि की घोषणा की है। यह फिल्म वर्ष 2028 में प्रदर्शित होगी। ज्ञातव्य है कि पुष्पा 2 - द रूल ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल करते हुए करीब 1,750 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था, जिससे यह भारत की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर्स में से एक बन गई। अब, निर्माता रविशंकर ने पुष्टि की है कि पुष्पा 3 साल 2028 में रिलीज होगी।इस देरी के पीछे मुख्य वजह अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्में हैं। पहले उन्हें निर्देशक एटली के साथ एक फिल्म पूरी करनी है, फिर वह त्रिविक्रम संग एक और प्रोजेक्ट में काम करेंगे। इन दोनों फिल्मों के अगले दो सालों में पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा, पुष्पा के निर्देशक सुकुमार भी पहले सुपरस्टार राम चरण के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम करेंगे और उसके बाद पुष्पा 3 पर फोकस करेंगे।

अल्लू अर्जुन की पुष्पा फ्रेंचाइज़ी हर फिल्म के साथ एक नया मुकाम हासिल कर रही है। हाल ही में फिल्म के डायलॉग राइटर श्रीकांत विसा ने खुलासा किया कि पुष्पा 3 अपने पिछले भाग पुष्पा 2 की तुलना में और भी बड़ी, भव्य और दमदार होने वाली है। इस बार फिल्म में दर्शकों को नए किरदारों के साथ पहले से भी ज्यादा शानदार एक्शन और ड्रामा देखने को मिलेगा।मेकर्स फिल्म के विलेन के लिए एक बड़े बॉलीवुड स्टार को कास्ट करने की योजना बना रहे हैं, जिससे फिल्म को और भी बड़ा बनाया जा सके। हालांकि, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि 2021 में रिलीज़ हुई पुष्पा- द राइज़ ने वर्ल्डवाइड 350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी और यह साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई थी। इसके बाद, पुष्पा 2 - द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाते हुए जबरदस्त ओपनिंग हासिल की और अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब पुष्पा 3 को मेकर्स इसे पहले से भी ज्यादा भव्य और ग्रैंड बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं, जिससे यह एक और ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर सके।

## गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म अकाल की टीजर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

पंजाबी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल आज यानी 2 जनवरी को अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनके प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है।

दरअसल, गिप्पी की आगामी फिल्म अकाल का टीजर सामने आ गया है। इसमें अभिनेता का धांसू अवतार दिख रहा है। वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसका निर्देशन की कमान खुद गिप्पी ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

अकाल की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म बैसाखी के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसमें गिप्पी की जोड़ी अभिनेत्री निमरत खैरा के साथ बनी है। इसमें गुरप्रीत घुग्गी, प्रिंसकंवलजीत सिंह, निकितिन धीर, मीता वशिष्ठ, शिंदा ग्रेवाल, एकोम ग्रेवाल, जग्गी सिंह और भाना ला जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# शुभांगी अत्रे ने कहा, फिल्म की शूटिंग और टीवी शो की शूटिंग में अंतर होता है



दर्शकों के पसंदीदा शो भाभीजी घर पर हैं पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में शो के मूल कलाकार ही मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

शो में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली शुभांगी अत्रे इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

शुभांगी ने कहा, मैं एक एक्टर और एक कलाकार हूं, और कोई फर्क नहीं पड़ता कि माध्यम क्या है, चाहे वह टीवी, फिल्में, ओटीटी या थिएटर हो, मैं पूरी लगन और अनुशासन के साथ अपना 100 प्रतिशत देने में विश्वास करती हूं। बेशक, भाभीजी घर पर हैं पर अब एक फिल्म बनाई जा रही है, इसलिए काम काफी हद तक वैसा ही है जैसा हम टेलीविजन पर करते हैं। लेकिन फिर भी, एक अलग तरह की घबराहट और उत्साह होता है।

उन्होंने कबूल किया कि किसी फिल्म की शूटिंग करना टीवी शो की शूटिंग से बिल्कुल अलग होता है।

शुभांगी ने कहा, भले ही मैं वर्षों से अंगूरी का किरदार निभा रही हूं, लेकिन फिल्म के लिए परफॉर्म करना अलग लगता है। हालांकि, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं और अपनी पूरी कोशिश कर रही हूं, जैसा कि मैं हमेशा करती हूं। मैं वाकई बहुत खुश हूं, लेकिन साथ ही, मैं थोड़ी नर्वस भी महसूस कर रही हूं। मैं बस अपने प्रशंसकों से ढेर सारा प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहती हूं।


उन्होंने कहा, सबसे पहले, हमारी फिल्म में कुछ नए कलाकार शामिल हुए हैं, इसलिए उनके साथ केमिस्ट्री बनाना एक नया अनुभव है। दूसरा, टीवी पर, हम अक्सर प्रदर्शन करते समय सुधार करते हैं, लेकिन एक फिल्म में, हमें बहुत सटीक होना पड़ता है। चूंकि एक फिल्म का रनटाइम 2 से 2.5 घंटे का होता है, इसलिए हम अनावश्यक संवाद नहीं जोड़ सकते हैं, जैसा कि हम कभी-कभी टीवी सीरियल शूटिंग में करते हैं।

शुभांगी फिल्म में एक्शन सीक्वेंस भी करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया, यह मेरे लिए कुछ नया है और मैं वास्तव में उत्सुक हूं कि स्क्रीन पर कैसे दिखाई देंगे।उन्होंने बताया कि यह न केवल उनके लिए बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी एक सपना सच होने जैसा है।

उन्होंने कहा, मेरे पिता इस समय कैंसर से जूझ रहे हैं, लेकिन वे इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत खुश हैं। मेरे माता-पिता दोनों ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है और आज जब मैंने अपने पिता से बात की, तो उन्होंने मुझसे कहा कि एक बार फिल्म रिलीज हो जाए, तो हम सब इसे देखने के लिए एक साथ थिएटर जाएंगे। यह विचार ही मुझे भावुक कर देता है।

# बालकृष्ण-बोयापति की फिल्म अखंडा 2, थांडवम 25 सितंबर 2025 को होगी रिलीज

अगले साल तेलुगू सुपरस्टार बालकृष्ण की एक्शन फिल्म 'अखंडा 2- थांडवम' भी देश भर में रिलीज होगी। अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने इसकी शूटिंग एक जबरदस्त एक्शन सीन के साथ शुरू कर दी है।एक्शन फिल्म 'अखंडा 2' में पहली फिल्म के मुकाबले ज्यादा धमाकेदार एक्शन दर्शकों को देखने को




मिलेगा। सुपरस्टार बालकृष्ण इसमें अपने एक्शन को एक स्तर और ऊपर लेकर जाएंगे। इसके लिए निर्देशक बोयापति श्रीनु हर संभव कोशिश करेंगे। फिल्म में एक्शन की जिम्मेदारी स्टंट मास्टर राम-लक्ष्मण संभाल रहे हैं। एक कमाल के फाइट सीचेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। फिल्म 'अखंड 2' की शूटिंग हैदराबाद के आरएफसी में हो रही है।फिल्म 'अखंडा 2' को 14 रील्स प्लस बैनर तले राम अचंता और गोपीचंद अचंता निर्मित कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को एम तेजस्विनी नंदमुरी भी प्रस्तुत कर रही हैं। इस फिल्म के साथ टैलेंटेड टेक्निशियन की टीम भी शामिल है, जिसमें म्यूजिक एस थमन, कोरियोग्राफी सी रामप्रसाद, आर्ट डायरेक्टर एएस प्रकाश जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को 25 सितंबर 2025 को दशहरा के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। दशहरे के दिन छुट्टी होगी तो फिल्म को इस बात का फायदा जरूर होगा।'अखंडा 2' से पहले भी अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु साथ में काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में मिलकर बेहतरीन और हिट फिल्में दी हैं। 'अखंड 2' साथ में इनकी चौथी फिल्म है।

# एक सीन के सहारे सुभाष घई ने लिख दी थी 'कर्ज' की पटकथा, सुनाई दास्तां



फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि साल 1980 में रिलीज 'कर्ज' की पटकथा को उन्होंने कैसे लिखा। फिल्म से जुड़े एक सीन का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक सीन के इर्द-गिर्द उन्होंने फिल्म की पटकथा लिख डाली थी।

कर्ज से जुड़े एक सीन की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए सुभाष घई ने लिखा, फिल्म कर्ज का निर्माण केवल इस एक सीन की वजह से हुआ। एक ऐसा क्षण जब मां की आत्मा अपने मरे हुए बेटे की आत्मा को पहचान जाती है और उसके बेटे मोंटी को छोड़कर हर कोई हैरान रह जाता है। मैंने इस सीन के इर्द-गिर्द पूरी कहानी की पटकथा लिख डाली थी। कभी नहीं सोचा था कि यह एक कल्ट क्लासिक होगी और 45 साल बाद भी इसकी चर्चा होगी।

रविवार को किए गए एक पोस्ट में सुभाष घई ने बताया कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी मुक्ता आर्ट्स कलाकारों की नहीं बल्कि उन लेखकों और निर्देशकों की तलाश कर रही है, जो पैन सिनेमा के लिए बेहतरीन काम कर सकें। घई ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में बताया कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी मुक्ता आर्ट्स भारतीय सिनेमाघरों में सिनेमा का जादू चलाने के लिए तैयार है। इसके लिए वह बेहतरीन लेखकों और निर्देशकों की तलाश भी कर रहे हैं।

घई ने बताया कि वह दर्शकों के लिए फिर से कुछ नया और शानदार लेकर आने के लिए तैयार हैं। घई ने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर और टीना मुनीम स्टारर फिल्म 'कर्ज' की शूटिंग की झलक भी दिखाई थी। तस्वीर में उनके साथ ऋषि और टीना भी नजर आए। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में ऋषि कपूर दिखाई दिए, उनके सामने टीना खड़ी हैं और बीच में घई खड़े नजर आए।

घई ने तस्वीर के साथ लिखा, यकीन नहीं होता...45 साल पहले ऋषि कपूर और टीना मुनीम की फिल्म कर्ज का निर्देशन किया। अब रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में फिल्म का प्रीमियर 21 मार्च को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर पीवीआर बीकेसी बांद्रा मुंबई में होगा।

## नरने नितिन मैड स्चायर की रिलीज़ की तारीख 29 मार्च 2025 घोषित




ब्लॉकबस्टर मूवी मैड का बहुप्रतीक्षित सीच्ल, जिसका शीर्षक मैड स्चायर है, 29 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाला है। इस घोषणा ने दर्शकों, फिल्म प्रेमियों और व्यापार जगत के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है, जो बेसब्री से रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के संगीत ने पहले ही धूम मचा दी है, जिसमें लड्डू गनी पेली और स्वाति रेड्डी गाने चार्टबस्टर बन गए हैं और हर जगह प्लेलिस्ट में शीर्ष पर हैं।कल्याण शंकर द्वारा निर्देशित, जो कहानी कहने और हास्य की अपनी विशिष्ट शैली के लिए जाने जाते हैं, मैड स्चायर एक और हंसी का दंगा पेश करने का वादा करता है। यह फिल्म हारिका सूर्यदेवरा और साई सौजन्या द्वारा प्रतिष्ठित बैनर सिथारा एंटरटेनमेंट्स, फॉर्च्यून फोर सिनेमाज और श्रीकारा स्टूडियोज के तहत निर्मित की गई है। सूर्यदेवरा नागा वामसी इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं। नरने नितिन, संगीत शोभन और राम नितिन सहित प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, मैड स्चायर से सिनेमाघरों में मनोरंजन के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने की उम्मीद है।

# अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में तमन्ना




अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया चर्चा में हैं। तमन्ना ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, यह एक फैंटेसी मूवी है और इसे थिएटर में देखना एक शानदार अनुभव होगा।

यह फिल्म सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और आध्यात्मिक पहलू के साथ बनाई जा रही है, जो समाज में मौजूद ज्वलंत मुद्दों को उठाएगी। इसमें सुपरनेचुरल एलिमेंट्स के साथ-साथ आध्यात्मिक पक्ष भी है, जिसने मुझे बहुत आकर्षित किया। तमन्ना ने बताया कि उन्हें हमेशा से ऐसी फिल्में पसंद रही हैं, जो लार्जर दैन लाइफ होती हैं और दर्शकों को एक अलग दुनिया में ले जाती हैं। उन्होंने कहा, बचपन में मुझे ऐसी फिल्में देखना बहुत पसंद था, जो काल्पनिक दुनिया में ले जाती थीं। जब मुझे पता चला कि इस फिल्म का टीजर काशी में लॉन्च किया गया, तो यह मेरे लिए और भी खास बन गया। तमन्ना भाटिया ने यह भी खुलासा किया कि 'ओडेला 2' सिर्फ एक फैंटेसी फिल्म नहीं है, बल्कि इसमें समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, यह फिल्म उन समस्याओं और मुद्दों पर केंद्रित है, जिनका सामना हम आज कर रहे हैं। यह अंत में एक बहुत बड़ा और सशक्त संदेश देती है।अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो लोगों को आशा और प्रेरणा दें। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि फिल्मों को ऐसा ही होना चाहिए। उन्हें दर्शकों को उम्मीद देनी चाहिए, क्योंकि यही कारण था कि मैंने एक्ट्रेस बनने का फैसला किया। यह फिल्म भी दर्शकों को आशावादी महसूस कराएगी। 'ओडेला 2' को अशोक तेजा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, वशिष्ठ एन. सिम्हा, नागा महेश, वामसी, गगन विहारी, सुरेंदर रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## अपूर्वा मखीजा की ओटीटी डेब्यू फिल्म 'नादानिया' रिलीज़

हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा की ओटीटी डेब्यू फिल्म 'नादानियां' रिलीज़ हुई, लेकिन उन्होंने इसके प्रमोशन से दूरी बनाए रखी। इसी बीच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सूफी मोतीवाला, जो अक्सर सेलेब्रिटीज की आलोचना के लिए जाने जाते हैं, ने अपूर्वा की इस फिल्म पर एक पोस्ट किया। सूफी ने अपूर्वा



की एक्टिंग और उनके फैशन सेंस की तारीफ की। इस पोस्ट पर अपूर्वा ने एक दिलचस्प कमेंट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, इतनी नफरत मिली कि अब सूफी मोतीवाला भी मेरे बारे में नफरत भरी बातें नहीं कहता। अपूर्वा का यह कमेंट कुछ ही समय में वायरल हो गया और सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बन गया। कुछ यूजर्स ने इस पर मज़ाकिया प्रतिक्रिया दी, तो कुछ ने इसे इंडस्ट्री में चल रहे ट्रोलिंग और नफरत भरे माहौल पर एक व्यंग्य बताया। वहीं, कुछ फैंस ने अपूर्वा का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। विवाद के चलते अपूर्वा पहले ही सोशल मीडिया से दूरी बना चुकी थीं, लेकिन इस बयान के बाद उनकी सक्रियता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी चमकती त्वचा का राज बताया



सोनाक्षी सिन्हा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैंस के लिए आए दिन मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने पति जहीर इकबाल के साथ एक और मजेदार वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी चमकती त्वचा का राज बताया है। सोनाक्षी के वीडियो पर अब फैंस के कमेंट भी आ रहे हैं।

क्लिप की शुरुआत सोनाक्षी की स्किनकेयर से होती है। इसके बाद उनके पति जहीर पीछे से आते हैं और अपनी पत्नी को डरा देते हैं। इस दौरान, सोनाक्षी की इस अनोखी प्रतिक्रिया से जहीर जोर से हंसते हैं।

सोनाक्षी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "मेरी चमकती त्वचा का राज"। इससे पहले सोनाक्षी ने इस साल पति जहीर के बिना होली मनाई थी। खूबसूरत अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्म "जटाधारा" के सेट पर होली मनाई। त्योहार की एक झलक दिखाते हुए, उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ मजेदार तस्वीरें साझा कीं। सफेद सलवार कमीज में पोज देते हुए, सोनाक्षी होली के रंगों को दिखाती नजर आईं। उन्होंने लिखा, "होली है, रंग बरसाओ, खुशियां मनाओ। हैप्पी होली मेरे दोस्तों।"सोनाक्षी ने बताया कि वह अपने काम के कारण जहीर से दूर होली मना रही हैं।"जटाधारा" के निर्माताओं ने 8 मार्च को महिला दिवस पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया।तस्वीर में 'हीरामंडी' अभिनेत्री अपने पारंपरिक आभूषणों को दिखाती नजर आ रही हैं, जिसमें एक सुनहरा हेडपीस, चूड़ियां और अंगूठियां शामिल हैं।सोनाक्षी की पहली तेलुगु फिल्म "जटाधारा" में मुख्य भूमिका में सुधीर बाबू होंगे। वेंकट कल्याण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर, रेन अंजलि और दिव्या विज मुख्य भूमिकाओं में होंगी।इसके अलावा, सोनाक्षी आगामी प्रोजेक्ट 'तू है मेरी किरण' में जहीर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। करण रावल और संजना मल्होत्रा द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 2022 की हंसी की सवारी "डबल एक्सएल" के बाद उनकी दूसरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी है। उनकी सूची में 'निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस' भी शामिल है।

# आशुतोष राणा ने बताया कैसा होता है गुरु-शिष्य का रिश्ता



अभिनेता आशुतोष राणा ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो अपलोड कर प्रशंसकों को बताया कि गुरु-शिष्य के बीच का रिश्ता कैसा होता है। राणा ने अपने अंदाज में समझाया कि एक का विश्वास सृजन में तो दूसरे का सब कुछ अपने गुरु के चरणों में रखने से संबंधित होता है। आशुतोष राणा सोशल मीडिया पर अक्सर वैचारिक पोस्ट शेयर करते रहते हैं। इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने गुरु-शिष्य के रिश्ते पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन दोनों का संबंध विसर्जन और सृजन से होता है। आशुतोष राणा ने बताया कि एक गुरु ही होता है जो अपने छात्र की कमियों को दूर कर उसे निखारता है और उसके सफल होने में अपना योगदान देता है।उन्होंने कैप्शन में लिखा, "शिष्य मिटने को तैयार रहे तो गुरु उसे बनाने पर आमादा हो जाता है। शिष्य होना बने हुए को मिटाने की प्रक्रिया है। गुरु वो होता है, जो मिटे हुए को बनाने की क्षमता रखता है। शिष्य का विश्वास विसर्जन में होता है तो गुरु का विश्वास, सृजन में होता है।"आशुतोष राणा की गिनती एक मंझे हुए कलाकार के रूप में होती है। फिल्मों की तरह ही वह अपने सोशल मीडिया पोस्ट भी बेहतरीन मुद्दों को बेहतरीन अंदाज में प्रशंसकों के सामने रखते हैं। 27 फरवरी को उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी। तब भी गुरु महिमा का बखान किया था। मुलाकात का वीडियो सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने भाव बताए थे।प्रेमानंद महाराज के दर्शन के दौरान आशुतोष राणा ने अपने गुरु को भी याद किया। राणा ने कहा, "मेरे गुरु दद्दा जी महाराज की शरण में 1984 में आ गए थे और 2020 में अंतिम सांस तक उनके साथ रहे। यह तो गुरु कृपा है जो आपके दर्शन हो गए। अन्यथा हम लोग माया के पंथ में फंसे रहते हैं।"

# आज धूमधाम से मनेगी रंगपंचमी

**खूब उडेगा रंग गुलाल, निकलता है जुलूस**



नर्मदापुरम (निप्र)। आज शहर में रंगमंचमी धूमधाम से मनेगी। इसके एक दिन पूर्व मंगलवार से तैयारी की जा रही थी। शहर में होली से भी ज्यादा रंग पंचमी पर रंग खेला जाता है। इस मौके पर रंग बरसे कार्यक्रम के साथ ही फाग का कार्यक्रम भी किया जाता है। जिसके चलते बुधवार को सुबह 9.30 बजे से फाग यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकलेगी। हर तरफ युवाओं की टोली रंग और गुलाल की मस्ती में मस्त रहेगी। हुरियारों के समूह शहर में जगह जगह रंग लगाते हुए धमाल करेंगे। जिसकी तैयारी युवाओं के द्वारा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी शहर में सुबह सतरस्ते से लेकिर शहर के मुख्य मार्ग से फाग यात्रा जिसे रंग बरसे कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जाएगा। ।

# जनसुनवाई : नर्मदापुरम निवासी किरण बाई को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ, मटकुली की फुल्ला बाई का राजस्व रिकॉर्ड भी हुआ दुरुस्त

**कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान किया आवेदनकर्ताओं की शिकायतो का निराकरण**



**कुल 69 शिकायते हुई प्राप्त**

नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने राजस्व, जल संसाधन, किसान कल्याण, स्वास्थ्य आदि से संबंधित समस्याओं सहित कुल 69 शिकायतो का निराकरण किया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतें तथा उनके निराकरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार भी जनसुनवाई कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े। जिससे कई शिकायतो का निराकरण जनसुनवाई के दौरान ही लिया गया। कलेक्टर ने विभिन्न तहसीलों से आए आवेदनकर्ताओं की शिकायतों पर त्वरित रूप से संज्ञान लेते हुए संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई की पूर्व शिकायतों की भी समीक्षा की। जनसुनवाई में मटकुली निवासी फुल्ला बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी भूमि के लिए बटवारा आदेश पारित होने के बावजूद अमल नहीं हो पा रहा है। इस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसीलदार पिपरिया को निर्देशित किया कि मामले की जांच कर बटवारा अमल की प्रक्रिया पूर्ण करें। तहसीलदार पिपरिया द्वारा जांच उपरांत जनसुनवाई के दौरान ही कलेक्टर को अवगत कराया गया कि नायब तहसीलदार द्वारा प्रकरण को अमल के लिए प्रोसेस कर दिया गया है, किंतु तकनीकी त्रुटि के कारण आदेश अमल में नहीं आ सका है। जैसे ही यह त्रुटि सुधार होगी, बटवारा आदेश अमल में आ जाएगा और पोर्टल पर भी दिखाई देने लगेगा इसी प्रकार, नर्मदापुरम निवासी किरण बाई के वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित आवेदन पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नर्मदापुरम को निर्देश दिये कि दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि वृद्ध महिला को पेंशन का लाभ मिल सके। एक अन्य मामले में मिसरोद, तहसील डोलरिया की मनीषा राठौर ने अपनी भूमि के गलत सीमांकन की शिकायत प्रस्तुत की। इस पर कलेक्टर ने अपर कलेक्टर डी.के. सिंह को मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में आये सरपंच आनंद रघुवंशी निवासी ग्राम पंचायत सूरजपुर तहसील सिवनी मालवा नर्मदापुरम द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र की मोरन नदी के पुल के पास अज्ञात लोगों द्वारा टीन शेड बना कर अवैध अतिक्रमण करने संबंधी शिकायत प्रस्तुत करते हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। वीसी के माध्यम से उपस्थित तहसीलदार सिवनी मालवा को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मौके पर जाकर जांच की जाए तथा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को शीघ्र ही हटाया जाए। जनसुनवाई के दौरान कोविड महामारी के दौरान दिवंगत शासकीय कर्मचारी सैयद सादिक अली की पत्नी ने अपने पुत्र की अनुकंपा नियुक्ति की मांग की, उन्होंने बताया कि उनके पति शासकीय आर एन ए उत्कृष्ट उमावि में सहा0 ग्रेड 03के पद पर कार्यरत थे।

# भारतीय मजदूर संघ ने ईपीएफ की न्यूनतम पेंशन 5000 करने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा




नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय नेतृत्व के दिये दिशानिर्देश अनुसार जिला नर्मदापुरम इकाई द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ की 158वीं अखिल भारतीय कार्यसमिति द्वारा अनुमोदित निम्न मांगों की पूर्ति हेतु लेख किया गया है कि 1 ईपीएस 95 की न्यूनतम पेंशन रूपये 5000 तत्काल की जाये व अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मंहगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाये। 2 ईपीएफ की वेतन सीमा 15000 रूपये से बढ़ाकर 30000 रूपये और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रूपये से बढ़ाकर 42000 रूपये की जाये। 3 सार्वजनिक सम्पत्ति की बिकी पर तत्काल रोक लगाई जाये। 4 बीमाध्वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाये। 5 स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाये। 6 असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के कल्याण हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाये। भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में शासकीय एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी सहित असंगठित क्षेत्र के सैकड़ो कर्मचारी पीपल चौक से रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे एवं नायब तहसीलदार सुश्री सृष्टि डेहरिया को ज्ञापन सौंपा। भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजौरिया ने बताया कि संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के हितों के लिए भारतीय मजदूर संघ निरंतर संघर्ष कर रहा हैए उसी कड़ी में यह ज्ञापन दिया गया है। इस अवसर पर नृपेंद्र सिंह योगेंद्र शर्मा नीलू राजवंशी शिवम उपाध्याय नरेंद्र तिवारी केएन मिश्रा देवेंद्र कुमार उपाध्याय सुनील चौहान राजेश चौरे अर्चना राजपूत जितेन्द्र सिंह ठाकुर महेश वर्मा रामकुमार गौर मोहन बानिया सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जनसामान्य हेतु प्रोजक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। कार्यालय आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के आदेशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में 01 अप्रेल 2025 से जनसामान्य हेतु प्रोजक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। जिसमें उपलब्ध कम्प्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक जनसामान्य की पहुंच को सुगम बनाने के लिए एक ऐसे ही ढांचे को अंतर्गत सक्षम करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के पास उपलब्ध कम्प्यूटर संसाधनों को कामकाजी घंटों के अतिरिक्त कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त करने जनसामान्य के उपयोग के लिए उपलब्ध करवाया जा सकें। इस हेतु तकनीकी शिक्षा के निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्रोजेक्ट कोड का 01 अप्रेल 2025 से प्रारंभ होना है। इस हेतु जो भी व्यक्ति कम्प्यूटर से सम्बधित ज्ञान अर्जित करना चाहते है वे महाविद्यालय के कार्यालयीन समय प्रात 10.30 से 05 बजे तक 31-03-25 तक अपना पंजीयन कराकर प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार एवं शनिवार को समय. दोपहर 03 से 05 बजे तक संबंधित कम्प्यूटर विषय में महाविद्यालय के संसाधनो का उपयोग कर सकेगें। पंजीयन एवं प्रोजक्ट कोड कार्यक्रम ध्योजना से संबंधित जानकारी के लिए नोडल अधिकारी विभागाध्यक्ष देवेश तिवारी मोबाईल नं .7999832684 एवं प्राचार्य डॉ पीसी नरवरे मोबाईल नं .9669665369 से या महाविद्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा।




# तहसील कार्यालय बनखेड़ी के भृत्य की एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी गई

नर्मदापुरम (निप्र)। संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम अनिल जैन ने बताया कि तहसील कार्यालय बनखेड़ी में पदस्थ भृत्य नीलेश भल्लावी को विभागीय जांच उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने पर आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने की शास्ति अधिरोपित कर निलंबन से बहाल कर दिया गया है।तहसीलदार, तहसील बनखेड़ी के प्रतिवेदन अनुसार, नीलेश भल्लवी द्वारा कार्यालयीन समय में मादक पदार्थ का सेवन कर कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने और बिना सूचना के अनुपस्थित रहने जैसी गंभीर अनियमितताएं की गई थीं। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1), (2), (3) के विपरीत पाए जाने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच प्रारंभ की गई थी।

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 25 मार्च को

नर्मदापुरम (निप्र)। अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के लिए संभाग स्तरीय सतर्कता, सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की बैठक नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में 25 मार्च 2025 को सायं 4.00 बजे से कार्यालय आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# लायन्स क्लब नर्मदापुरम अनादि रीजन कान्फ्रेंस में चार जोन पर्सन एवं 18 क्लब शामिल हुए

**क्लबों को उत्कृष्ट कार्य हेतु किया पुरूस्कृत**







नर्मदापुरम। इटारसी (निप्र)। लायन्स क्लब नर्मदापुरम होशंगाबाद के द्वारा गत दिवस रीजन कानफ्रेंस प्लेटिनम रिसोर्ट इटारसी में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में रीजन चेयर पर्सन एमजेएफ लायंस अतुल सेठा आयोजन समिति विशिष्ट प्रमुख वक्ता पास्ट इन्टरनेशनल डायरेक्टर लायंस डॉ विनोद लाड़िया मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायंस मनीष शाह विशिष्ट अतिथि लायंस प्रवीण वशिष्ठ लायंस महेश मालवीय की उपस्थिति में कानफ्रेंस हुई। आयोजन समिति संरक्षक पीडीजी ला अनिल झा, अध्यक्ष एमजेएफ ला डीएस दांगी, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल सचिव सुभाष बरेले सहसचिव नरेश कुमार शाह कोषाध्यक्ष केएस राजपूत एवं चारों जोन चेयर पर्सन एवं 18 क्लब के अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष सहित लगभग 300 सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस कानफ्रेंस के दौरान इन्टरनेशनल डायरेक्टर लाड़िया के द्वारा बच्चों के केन्सर उपचार एवं परीक्षण हेतु अस्पताल का प्रोजेक्ट राशि 3.4 करोड़ देने की घोषणा की गई। सेठा केंसर हास्पिटल का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष दांगी द्वारा पूर्व में तैयार प्रोजेक्ट से अवगत कराया जिसके तहत हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम् के बच्चों के केन्सर उपचार में स्थानीय स्तर पर सुगमता उपलब्ध होगी तथा डॉ विनोद लाड़िया द्वारा नर्मदा तट दांगी घाट पर पौधारोपण कर नर्मदा की पूजन अर्चना तथा अभिषेक किया जिसमें सभी विशिष्ट अतिथि सदस्य उपस्थित रहें।रीजन कानफ्रेंस में समस्त क्लबों के अध्यक्षों द्वारा नई गतिविधियों के तहत क्लबों द्वारा की मानव सेवा हेतु किये गये कार्य बैनर प्रजेन्टेशन पर्यावरण भूखों को भोजन चिकित्सीय सेवाएं नेत्र शिविर केंसर शिविर आदि के संबंध में अवगत कराया। क्लबों को उक्त उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरूस्कृत भी किया गया। जिसमें योग एवं ध्यान के लिए योगाचार्य को सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत जिले के पत्लब की गतिविधियों में सम्मान जोन चेयरपर्सन की उत्कृष्ट सेवा हेतु मुन्नालाल जैन, सुभाष बरेले, डीएस दांगी को लायन आफ द रीजन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक पीएमजेएफ ला सीएल गोयल तथा 4 एमजेएफ घोषित हुए । रीजन.1 का एमजेएफ तथा पीएमजेएफ बनाने वाला अग्रणी जोन हुआ। चन्द्रशेखर शर्मा द्वारा ध्वज वंदना एवं मंच संचालन, प्रीति दुबे एवं हेमलता पुरोहित द्वारा किया गया जो सराहनीय रहा। आभार अमोल जैन द्वारा किया गया । आयोजन में क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के एनपीएस कटौत्रा गुमशुदा है, जिला कोषालय अधिकारी प्राथमिकता से कटौत्रा जुडवाएं : कमिश्नर

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में 2005 के बाद में नियुक्त ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जिनका एनपीएस कटौत्रा गुमशुदा है ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों के गुमशुदा कटौत्रा की एंट्री एमपीएस खाता में प्राथमिकता से कराने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने शेष रह गए अधिकारी एवं कर्मचारी के समयमान वेतनमान एवं ऐरियर्स के प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अप्रैल के प्रथम सप्ताह में विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। जिला मत्स्य विभाग की ई-केवायसी की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि दिए गए लक्ष्य अनुसार पात्र मत्स्य कृषकों के ई-केवायसी का लक्ष्य 28 मार्च तक पूर्ण कर दें। कमिश्नर ने कहा कि असत्य रिर्पोटिंग करने वाले अधिकारियों पर भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होने जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन 10-12 उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

## तृतीय अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में लोकार्पित कृतियों में संक्षिप्त नर्मदापुराण भी शामिल

नर्मदापुरम (निप्र)। तुलसी मानस प्रतिष्ठान भोपाल एवं रामायण केंद्र भोपाल का संयुक्त आयोजन तृतीय अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का दो दिवसीय 22 एवं 23 मार्च को भोपाल के मानस भवन श्यामला हिल्स में होगा। इसका केंद्रीय विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रीराम कथा रहेगा। इस आयोजन में मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहेंगे। जिन पुस्तकों का लोकापर्ण होगा उनमें रामायणदर्शनम, अवधी लोकगीतों में सीताराम, गौमूत्र महौषधि के साथ ही नर्मदांचल के प्रसिद्ध कवि नगरश्री पं गिरिमोहन गुरू कृत नर्मदापुराण भी शामिल की जा रही है। इस दो दिवसीय आयोजन की श्रृंखला में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# नर्मदापुरम जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी

**कार्यवाही में 01 पोकलेन मशीन एवं 03 डम्पर किए गए जप्त**




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही जारी है।राजस्व और खनिज विभाग ने 13 मार्च 2025 को तालाखेड़ी, सोहागपुर से 01 डम्पर (एमपी05जी8615) को मिट्टी खनिज के अवैध भंडारण में लिप्त पाया और उसे जप्त कर लिया। 17 मार्च 2025 को ग्राम चौतलाय, तहसील सिवनीमालवा से 01 पोकलेन मशीन और 01 डम्पर (एमपी05जी8584) को मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में लिप्त पाया गया और 01 अन्य डम्पर (एमपी38एच1277) को गिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त कार्यवाहियों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी, तहसीलदार डोलरिया, नायब तहसीलदार सोहागपुर पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्र0 खनि निरीक्षक हेमन्त राज, खनिज सिपाही और होमगार्ड बल मौजूद रहे।जप्त वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## 1 अप्रैल से सिवनी मालवा, 3 अप्रैल से मिसरोद उप संभाग डोलरिया, 5 अप्रैल से इटारसी तथा 8 अप्रैल से सोहागपुर के लिए नहरों से पानी छोड़ने के लिए तिथियां प्रस्तावित

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च 2025, तवा नहर संभाग सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडियां नहरों के लिए 1 अप्रैल 2025, मिसरोद उपसंभाग डोलरिया के लिए 3 अप्रैल 2025, तवा परियोजना संभाग इटारसी के लिए 5 अप्रैल 2025 तथा पीबीसी संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से 8 अप्रैल 2025 से जल प्रवाह शुरू करने के लिए तिथियां प्रस्तावित की गई। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि नहर खोलने की अंतिम तिथि का निर्णय संभागीय बैठक उपरांत संभागायुक्त नर्मदापुरम संभागकृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा लिया जाएगा, जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

## 1995 लीज नवीनीकरण हेतु प्रति दिवस दोपहर 3 बजे से सुनवाई - नजूल अधिकारी

नर्मदापुरम (निप्र)।नजूल अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत द्वारा 1995 लीज नवीनीकरण से संबंधित कार्यवाही की सुनवाई प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत आवेदनकर्ताओं को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नजूल अधिकारी ने बताया कि असुविधा से बचने के लिए आवेदन के साथ पूर्व में जारी किए गए लीज दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि प्राथमिक आवेदनकर्ता की मृत्यु हो चुकी है, तो नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही नवीनीकरण के लिए आवेदन स्वीकार किया जाएगा। इसके अलावा, यदि लीज स्वरूप में कोई परिवर्तन हुआ है, तो उसके संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन भी आवेदन के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया से पहले समस्त दस्तावेजों का विस्तारपूर्वक परीक्षण किया जाएगा, जिसके उपरांत ही आगामी कार्यवाही संपन्न की जाएगी। अनुमानित रूप से 5000 से अधिक लीज नवीनीकरण के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।


## कार्यालय कलेक्टर नर्मदापुरम एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

क्रमांक/4188 रा.प्र.क्र.-0002/अ-82/2021-22/मेहरागांव/ नर्मदापुरम दिनांक 13/03/2025

**-:: अधिसूचना ::-**

(अंतर्गत धारा-19 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्था में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 क्रं-30 सन् 2013) चूंकि राज्य शासन की इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 में इटारसी-उत्तर दक्षिण डाउन ग्रेड सेपरेटर फ्लाई ओवर रेल परियोजना के निर्माण क्षेत्र में प्रभावित होने से आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार व सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है, सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रं. 30 सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची क्रमांक-1**

ग्राम मेहरागांव | तहसील इटारसी | जिला नर्मदापुरम्

| क्र0 | विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हैक्टर में) | |
|---|---|---|---|
| | सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये भूमि की आवश्यकता है। | कुल रकबा | अर्जित रकबा |
| | निजी भूमि इटारसी-उत्तर दक्षिण डाउन ग्रेड सेपरेटर फ्लाई ओवर रेल परियोजना हेतु | 0.029 | 0.024 |

**अनुसूची क्रमांक-2**

| क्रमांक | कृषक का नाम व पिता/पति का नाम | खसरा क्रमांक | भूमि का कुल रकबा हेक्टेयर में | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा हेक्टेयर में | अर्जित भूमि में स्थित परिसंपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उमा देवी पति चेनसिंह, मनोज वल्द चेनसिंह, राखी पुत्री चेनसिंह | 268/2/1/2 | 0.029 | 0.024 | |
| | योग- | | 0.029 | 0.024 | |

(भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर भू-अर्जन अधिकारी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

जी/24510/24

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(सुश्री सोनिया मीना)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग


**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com